
दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



1960 का पुराना गाना है .........

चाहती थी काम करना लेकिन , ........

वर्ष : 11 | अंक : 354 | लखनऊ, 14 दिसम्बर ,रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

### मोबाइल देख रहे होटल मालिक की मौत


**महेंद्रगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में एक 42 वर्षीय होटल मालिक की होटल में कुर्सी पर बैठे-बैठे अचानक मौत हो गई।



होटल मालिक की मौत से जुड़ा एक सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि वह मोबाइल देखते-देखते कुर्सी से नीचे लुढ़क गए। होटल के कर्मचारी उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बीड में डीजल टैंकर से टकराई गाड़ी, छाया धुआं

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में तालुका के पाली गांव के पास सोलापुर-धुले राष्ट्रीय राजमार्ग पर



उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक गाड़ी की टक्कर डीजल टैंकर से हो गई। टक्कर जोरदार थी कि देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में आग लग गई और हाईवे पर आग का गोला बन गया। टक्कर के तुरंत बाद आग भड़क उठी। धुएं का गुबार छा गया।

### गोयल होंगे मुख्य सूचना आयुक्त, शपथ कल


**नई दिल्ली।** 13 सितंबर से हीरालाल समरिया का कार्यकाल पूरा होने के बाद मुख्य सूचना



आयुक्त (सीआईसी) का पद खाली चल रहा था, जो जल्द भरने जा रहा है। पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल सोमवार को सूचना आयुक्त के तौर पर शपथ लेंगे। गोयल के नाम की पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय पैनल ने सिफारिश की थी।

### उबर राइडर ने लड़की से की छेड़छाड़

**चंडीगढ़।** ट्राइसिटी में रोजाना हजारों लोग बाइक टैक्सी बुक करते हैं। शुक्रवार सुबह परीक्षा देने



निकली 11वीं की छात्रा उबर बाइक पर बैठी ही थी कि चालक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा ने हिम्मत दिखाई, विरोध किया, पिता को फोन किया, वीडियो भी बनाया। इसके बाद आरोपी रुका नहीं,तेज भगाने लगा और अंत में बाइक गिरा दी। इससे छात्रा को चोट आई है।

## मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामला, सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# ऐसे लड़कों को सबक सिखाना चाहिए, जमानत याचिका पर 'सुनवाई' करने से किया इनकार

### जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने यह कहा

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मिहिर शाह शिवसेना के पूर्व नेता का बेटा है। शीर्ष कोर्ट ने टिप्पणी की कि इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंचने इस तथ्य पर गौर किया कि आरोपी एक संपन्न परिवार से है और उसके पिता उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना से जुड़े रहे हैं।

बेंच ने शुक्रवार को कहा कि वह शेड में मर्सिडीज खड़ी करता है, बीएमडब्ल्यू निकालता है, उससे टक्कर मारता है और फरार हो जाता है। उसे कुछ समय अंदर रहने दीजिए। इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। मिहिर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि हाईकोर्ट ने मामले में प्रमुख गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद जमानत के लिए आवेदन करने की अनुमति दी थी। शीर्ष कोर्ट का सख्त रुख देखते हुए उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

**आरोपी संपन्न परिवार से है**

**उसे कुछ समय अंदर रहने दीजिए, अर्जी वापस ली**



देश का सर्वोच्च न्यायालय

### 9 जुलाई को गिरफ्तार किया गया


मिहिर को पिछले साल नौ जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। उसने मुंबई के वर्ली इलाके में अपनी बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें कावेरी नखवा (45 वर्षीय) की मौत हो गई थी और उनके पति प्रदीप नखवा घायल हो गए थे। आरोप है कि हादसे के बाद मिहिर शाह बांद्रा-वर्ली सी लिंक की ओर तेज गति से बढ़ा, जबकि महिला कार के बोनट पर फंसी रही।

### मुख्य आरोपी और चालक दोनों न्यायिक हिरासत में

हादसे के समय कार में मौजूद शाह के चालक राजऋषि को भी उसी दिन गिरफ्तार किया गया था। दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवंबर के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी अत्यधिक नशे में था और स्कूटर से टकराने तथा पीड़िता को घसीटने के बावजूद उसने कार नहीं रोकी।

### दोनों का व्यवहार जमानत देने के लिए आश्वस्त नहीं करता: हाईकोर्ट

**मुंबई।** हाईकोर्ट ने भी कहा था कि कथित अपराध के समय



और उसके बाद आरोपी का व्यवहार कोर्ट को जमानत देने के लिए आश्वस्त नहीं करता। कोर्ट ने कहा कि शाह ने दुर्घटना के बाद तेज रफ्तार से भागने की कोशिश की और पीड़िता को कार के नीचे घसीटता रहा। सीट बदलना, पिता को फोन करना और फरार होना, साक्ष्यों से छेड़छाड़ करना उचित नहीं दिखता।

## सुप्रीम कोर्ट ने सपा नेता की याचिका पर नोटिस जारी किया

### उत्तर प्रदेश में एसआईआर का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में समाजवादी पार्टी के नेता अरविंद कुमार सिंह की याचिका पर नोटिस जारी किया है। इस में उन्होंने उत्तर प्रदेश में एसआईआर को चुनौती दी है। सिंह ने इस प्रक्रिया से जुड़ी





अधिसूचना को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने जनगणना, नियंत्रण तालिका, मसौदा मतदाता सूची को अपडेट करने और अंतिम मतदाता सूची जारी करने की अपील की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश जारी किया है।

### कई पार्टियों के नेता कोर्ट में रहे मौजूद

सपा के अलावा, डीएमके, टीवीके, सीपीआई (एम), उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, टीएमसी और इनके नेता भी अदालत में मौजूद थे। इन सभी ने तमिलनाडु,बंगाल, केरल में चुनौती दी है।

## जगदलपुर में गृहमंत्री शाह का ऐलान

# अगले साल नक्सल फ्री हो जाएगा बस्तर..हथियार डालें, चुनें पुनर्वास

**ओलंपिक खेलों का किया समापन**



ओलंपिक खेलों के समापन पर खिलाड़ियों के साथ शाह

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बस्तर ओलंपिक के समापन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर पहुंचे। इस दौरान शाह ने एक बार फिर देश से नक्सलवाद खात्मे को लेकर बड़ी बात कही। शाह ने कहा कि देश से नक्सलवाद 31 मार्च 2026 के दिन खत्म होगा। बस्तर के विकास में लाल आतंक सांप की तरह फन फैलाकर बैठा था,जिसके दंश से पूरा राज्य प्रभावित हो रहा था, लेकिन अब बस्तर में शांति लाने की बारी है। इतनी ही विनम्रता से मैं अपील भी करता हूं कि गुमराह होकर जो लोग हाथों में हथियार लिए घूम रहे हैं,वे आकर पुनर्वासन योजना में जुड़ें। नक्सलवाद से किसी का भला नहीं होगा। शांति ही विकास का रास्ता प्रशस्त कर सकती है। आप अपना नया जीवन चुनिए।

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लें लाभ

शाह ने भारत माता की जय के साथ भाषण की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ को नए आयाम तक पहुंचाने के लिए उन्होंने पूर्व सीएम रमन सिंह, सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा कि बस्तर की धरती ने काफी आतंक सहा है, लेकिन मौजूदा सरकार की योजनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों ने बस्तर की तस्वीर बदलने की कोशिश की है।

### सरेंडर्ड नक्सलियों की नुआ टीम को दी बधाई

गृहमंत्री शाह ने बस्तर ओलंपिक की तारीफ करते हुए कहा कि जब 700 ज्यादा सरेंडर नक्सल बच्चों ने बस्तर ओलंपिक में हिस्सा लेने की जानकारी मुझे मिली तो मैं बहुत खुश हुआ। नक्सलवाद में पूरा जीवन बर्बाद हो जाता। अभी जो परेड हुई है उसमें सरेंडर किए हुए खिलाड़ी संभाग स्तर पर आए हैं। मैं सभी दर्शकों के लिए कहना चाहता हूं कि इन खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत करें। ये खिलाड़ी जो नुआ बाट के लिए खेले हैं वो देश के लिए बड़ा उदाहरण हैं, क्योंकि इन खिलाड़ियों ने विनाश की जगह विकास का रास्ता चुने है। यहां की सभी जनजातियां भारत की समृद्ध विरासत है। छत्तीसगढ़ सरकार ने आधुनिक स्टूडियो बनाकर पारंपरिक गीतों को सहेजने का काम किया है। इसे संगीत के साथ इससे जुड़ी किताबें भी प्रस्तुत की हैं।

## हाईकोर्ट ने खारिज की कंपनी की अपील

# ज्यादा वेतन व बड़ा पद पायलट को श्रम कानूनों से छूट नहीं देता



दिल्ली हाईकोर्ट

### बकाया वेतन और अन्य भुगतान को दी थी चुनौती

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली हाई कोर्ट ने किंग एयरवेज की सभी अपीलें खारिज करते हुए साफ शब्दों में कहा कि एयरलाइन पायलट, चाहे वे पायलट इन कमांड ही क्यों न हों, औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत वर्कमैन माने जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि किसी कर्मचारी का ज्यादा वेतन, बड़ा पद या उड़ान के दौरान कमान संभालना, उसे श्रम कानूनों से बाहर नहीं करता है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने यह फैसला किंग एयरवेज और उसके पूर्व पायलटों के बीच चले विवाद में सुनाया। एयरलाइन ने पायलटों को बकाया वेतन और अन्य भुगतान देने के आदेश को चुनौती दी थी।

### वर्कमैन होने का फैसला काम की प्रकृति का आधार

कोर्ट ने कहा कि किसी कर्मचारी के वर्कमैन होने का फैसला उसके काम की असली प्रकृति से होता है। पायलट का मुख्य काम विमान उड़ाना है, जो एक तकनीकी और कौशल आधारित जिम्मेदारी है। भले ही उड़ान के दौरान पायलट इन कमांड को जिम्मेदार माना जाता हो, लेकिन वह न तो दफ्तर के कामकाज में और न ही कर्मचारियों के प्रशासनिक मामलों में कोई प्रबंधकीय या पर्यवेक्षी भूमिका निभाता है।

### वह प्रबंधन या सुपरविजन के बराबर नहीं

कोर्ट ने एयरलाइन की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि पायलटों का ऊंचा वेतन या सीनियर कमांडर का पद उन्हें वर्कमैन की श्रेणी से बाहर कर देता है। कोर्ट ने कहा कि वेतन की सीमा तभी मायने रखती है, जब यह साबित हो कि कर्मचारी वास्तव में सुपरवाइजरी काम करता है, जो इस मामले में साबित नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी कहा कि विमानन नियमों में जिस निगरानी या नियंत्रण की बात होती है, वह केवल उड़ान की सुरक्षा से जुड़ी होती है।

### पायलटों के पक्ष में फैसला बरकरार रखा

बकाया वेतन के मामले में भी कोर्ट ने पायलटों के पक्ष में फैसला बरकरार रखा। अदालत ने माना कि पायलटों की नौकरी गलत तरीके से खत्म की गई थी। इसलिए उन्हें दोबारा सेवा में लेना, सेवा की निरंतरता देना और बकाया वेतन देना सही है।

## कलाकारों ने देवताओं का रूप धरा



वाराणसी। वाराणसी में शनिवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के रेनोवेशन की चौथी सालगिरह के मौके पर एक जुलूस में देवी-देवताओं का रूप धारण किए कलाकारों ने हिस्सा लिया।

## उत्तराखंड के खटीमा में बड़ा बवाल

# युवक की हत्या पर लोगों ने दुकानों में लगाई आग, धारा 163 लागू

### मौके पर पुलिस को किया गया तैनात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तराखंड के खटीमा में एक युवक की हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साए लोगों ने हमलावरों की दुकान में आग लगा दी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तनाव को देखते हुए प्रशासन ने धारा 163 लागू किया है। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।



बवाल का नजारा

### युवक की मौत के बाद हंगामा

शुक्रवार रात्रि खटीमा रोडवेज परिसर में दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आपसी विवाद के दौरान चली चाकूबाजी में 23 वर्षीय तुषार शर्मा की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## आज सोनिया के दरबार में सिद्धारमैया और डीके लगाएंगे हाजिरी

# फैसला आज, किसे मिलेगा कर्नाटक मुख्यमंत्री का ताज?

### अंदरूनी खींचतान के बीच आज दोनों की होगी 'नेतृत्व' से मुलाकात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली में 14 दिसंबर को कांग्रेस की राजनीति का सबसे अहम दरबार लगने वाला है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार एक साथ कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। और, यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है, जब कर्नाटक में सत्ता के शीर्ष पद को लेकर अंदरखाने खींचतान चरम पर है। मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस के दोनों बड़े नेता के बीच संघर्ष चल रही है। सियासी गलियारों में इसे सिर्फ एक औपचारिक बैठक नहीं बल्कि फैसले की घड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

■ लोग फैसले की घड़ी देख रहे

### अहम बताई जा रही यह आमने- सामने की बैठक



सोनिया गांधी

कांग्रेस के भीतर यह लगभग तय माना जाता है कि कर्नाटक के नेतृत्व विवाद पर आखिरी फैसला हाईकमान ही करेगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहले ही कह चुके हैं कि इस कन्फ्यूजन को सोनिया गांधी, राहुल गांधी और वे खुद मिलकर सुलझाएंगे। अब जब सिद्धारमैया और शिवकुमार एक साथ दिल्ली पहुंच रहे हैं, तो साफ है कि मामला निर्णायक मोड़ पर है।

### पूर्व का फार्मूला बना सबसे बड़ी अड़चन

सरकार को करीब 140 विधायकों का मजबूत समर्थन हासिल है, लेकिन 20 नवंबर को सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद फिर यह चर्चा तेज हो गई कि मुख्यमंत्री पद को ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर बदला जाना था।

कांग्रेस विधायक की भविष्यवाणी

### 6 जनवरी को शिवकुमार ही बनेंगे मुख्यमंत्री

इस बीच, सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक ने बड़ी भविष्यवाणी करते हुए तारीख बताई है कि



शिवकुमार मुख्यमंत्री कब बनेंगे? विधायक एचए इकबाल हुसैन ने शनिवार को दावा करते हुए कहा है कि शिवकुमार 6 जनवरी को मुख्यमंत्री बनेंगे। इसी के साथ उन्होंने अपने बयान में कहा कि जिस पद पर अभी सिद्धारमैया हैं, उसे शिवकुमार के लिए खाली किया जाना चाहिए।

# काकोरी में 500 बीघा की अवैध बंधन सिटी व कनौजिया सिटी जमींदोज

## 25 जेसीबी व 02 पुकलैंड मशीन से ध्वस्त किये अवैध निर्माण, 11 घंटे चला अभियान

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शनिवार को अनियोजित विकास के खिलाफ अब तक की दूसरी सबसे बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान काकोरी में 500 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित की जा रही बंधन सिटी व कनौजिया सिटी पर बुलडोजर चलाया गया।

25 जेसीबी व 02 पुकलैंड मशीन की मदद से लगातार 11 घंटे तक चली कार्रवाई में सभी अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिये गये। इससे पहले एलडीए ने कुकरैल नदी के किनारे अवैध रूप से बसे अकबर नगर को ढ़हाया था, जोकि अवैध निर्माण के खिलाफ प्रदेश का सबसे बड़ा अभियान था।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे पर 6,580 एकड़ क्षेत्रफल में वरूण विहार योजना विकसित की जा रही है। जिसके लिए काकोरी के 12 गांवों की भूमि किसानों से जुटायी जा रही है। इनमें कुछ जगहों पर निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे। इस क्रम में शनिवार को अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने काकोरी के ग्राम-दोना, तेजकृष्ण खेड़ा और सकरा में अभियान चलाया।

जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अनीश सिंह, विपिन कुमार व अन्य द्वारा ग्राम-दोना एवं तेजकृष्ण खेड़ा की लगभग 380 बीघा जमीन पर प्लाटिंग का कार्य करते हुए बंधन सिटी विकसित की जा रही थी। इसी तरह सोनू कनौजिया व अन्य द्वारा ग्राम-सकरा में लगभग 150 बीघा क्षेत्रफल में कनौजिया सिटी विकसित की जा रही थी। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे।

जोनल अधिकारी ने बताया कि शनिवार को सुबह 7:00 बजे मौके पर पहुंची प्रवर्तन टीम ने ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया, जोकि शाम 6:00 बजे तक चला। इस दौरान निजी विकासकताओं द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, बिजली के खम्भे, साइट ऑफिस, स्टोर आदि को 25 जेसीबी और 02 पुकलैंड मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि एलडीए की तरफ से स्थल पर सूचना बोर्ड भी लगा दिया गया है।

इसके बाद अगर डेवलपर मौके पर अवैध तरीके से विकास कार्य करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवायी जाएगी। कार्रवाई में एसडीएम विराग करवरिया, सहायक अभियंता रवि शंकर राय, अवर अभियंता राहुल विश्वकर्मा, शिवानंद शुक्ला एवं ओमपाल सिंह यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डिजिटल और आधुनिक तकनीक से बेहतर होगा प्रचार-प्रसार

## सूचना विभाग, सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु

**लखनऊ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सूचना निदेशालय के सभागार में सभी जनपदीय एवं मुख्यालय के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक सूचना ने विभाग की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने, विभागीय कार्यप्रणाली में एकरूपता सुनिश्चित करने तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को और प्रभावी एवं तथ्यपरक ढंग से जनमानस तक पहुँचाने के निर्देश दिये।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए निदेशक सूचना श्री विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को सरल, स्पष्ट, तथ्यपरक और समयबद्ध ढंग से जनता तक पहुँचाना सूचना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

साथ ही, नकारात्मक एवं भ्रामक खबरों पर सतत निगरानी रखते हुए तथ्यों के साथ प्रभावी एवं संतुलित प्रतिक्रिया देना आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है। निदेशक सूचना ने कहा

- **नई ऊर्जा के साथ कार्य करें अधिकारी : विशाल सिंह**



कि सूचना विभाग को अपनी ऊर्जा, आत्मविश्वास और नेतृत्वकारी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सभी अधिकारी अपने-अपने जनपदों में सजग होकर पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए सरकार के विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रचार-प्रसार के सभी माध्यमों का उपयोग करते हुए एवं आधुनिक तकनीक अपनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। विगत 08 वर्षों में जनपदों में प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये विकास कार्यो की सही जानकारी लोगों तक पहुंचायी जाय, जिससे लोगों में सरकार के नीतियों के प्रति किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।

अपर निदेशक अरविन्द कुमार मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपदों में किये जा रहे विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित सक्सेज स्टोरी, लेख आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपदीय कार्यालयों को और सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ किया जायेगा, जिससे कार्य करने में कोई असुविधा न हो। साथ ही सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी लोग पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करें। आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके।

कार्यशाला में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विभागीय बजट एवं वित्तीय प्रावधानों एवं नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक चन्द्र मोहन ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला का समापन किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक, अनुराग प्रसाद, सतीश चन्द्र भारती, जितेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र विजय वर्मा, अमित यादव सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और नगदी किया पार

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाकर करीब 1 लाख रुपये कीमत के गहने और 20 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। जानकारी होने के बाद शनिवार को पीड़ित महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस घटनास्थल की छानबीन करने के साथ पीड़िता की तहरीर पर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।बिजनौर के रहीमाबाद निवासी स्व. रमेश चंद की पत्नी जानकी के मुताबिक उसका बेटा अमित दिल्ली में रहकर नौकरी करता है।जबकि शादीशुदा दो बेटियां अपनी ससुराल में रहती हैं।जानकी का कहना है कि शुक्रवार को वह घर में ताला बंद कर अपनी बीमार मां को देखने उन्नाव स्थित मायके गई थी। शनिवार सुबह पीड़िता के बगल में रहने वाली उसकी देवरानी अंजू ने जानकी के घर के ताले टूटे देख इसकी सूचना जानकी को दी।इसके बाद घर पहुंची जानकी ने देखा तो अंदर कमरे व संदूक के ताले टूटे होने के साथ घर का सारा सामान



बिखरा पड़ा मिला। साथ ही संदूक में रखे करीब 1 लाख रुपये कीमत के गहने और 20 हजार रुपये गायब मिले।आनन फानन जानकी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची बिजनौर पुलिस घटना स्थल की छानबीन करने के साथ पीड़िता की तहरीर पर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

# पेंशन पुनरीक्षण को लेकर कर्मचारी महासंघ ने जतायी नाराजगी

**लखनऊ।** उ.प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुति पर आठवें वेतन आयोग जो जनवरी 2026 से दिया जाना है, की जारी नोटीफिकेशन में पेंशन धारको की पेंशन पुनरीक्षण व अन्य मिलने वाले लाभो का समावेश न होने पर नाराजगी व्यक्त की है। महासंघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने कहा प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री सहित सचिव वित्त भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर समय रहते यह तीनो प्रस्ताव को हटाते हुए पूर्व की भातिं पेंशन धारको को यह लाभ दिये जाने की मांग की है। महासंघ ने कहा नोटीफिकेशन में इस बार पेंशन धारक कर्मचारियो के लिए पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेशंनर लाभो का कोई प्रस्ताव नही दिया गया,जिसका विरोध करते हुए वह तीनो प्रस्ताव जो पेंशन धारको के लिए हित कर नही है,तत्काल हटाने के लिए समय रहते आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियो में पूर्व की भांति पेंशन धारको की पेंशन पुनरीक्षण व अन्य मिलने वाले पेंशन लाभो का ध्यान देते हुए उन्हे दिये जाने के आदेश जारी किए जाए।

# महापौर निधि व पार्षद निधि से कार्य का शिलान्यास

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर। शनिवार को सरोजनी नगर द्वितीय 18 में रामनगर कॉलोनी मे एम. एल. एजुकेशनल एकेडमी नहर से इस्लाम अली के घर होते हुए हर्षित सिंह के घर तक 180 मीटर लंबी 4 मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग रोड व नाली तथा विष्णु लोक कॉलोनी में सिद्धीदात्री मंदिर के पार्क में पाथवे पर इंटरलॉकिंग बिछवाने का नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास महापौर सुषमा खर्कवाल व विधायक डा.राजेश्वर सिंह के आशीर्वाद से पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट के द्वारा किया गया शिलान्यास पूजन पंडित रामकिशोर अवस्थी से करवा कर शिवकुमार रावत, हर्षित सिंह व जे. पी. सिंह, प्रीतम सिंह से नारियल तुड़वाकर पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट के द्वारा कार्य का शुभारंभ कराया गया पार्षद राम नरेश रावत के द्वारा रामनगर कॉलोनी में मे दी गईपार्षद निधि धनराशि .25..लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण एवं महापौर सुषमा खर्कवाल की निधि



से विष्णु लोक कॉलोनी में सिद्धीदात्री मंदिर के पार्क में दी गई धनराशि 6 लाख 50 रुपए से पाथवे पर इंटरलॉकिंग लगाने का नवनिर्माण कार्य किया जाएगा लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री भारत सरकार,विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह, व महापौर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी तथा पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट के सहयोग तथा आशीर्वाद से इस रामनगर कॉलोनी में इंटरलॉकिंग सड़क नाली, तथा विष्णु लोक कालोनी पार्क इंटरलॉकिंग पथ वे नवनिर्माण कार्य होने जा रहा है जिसके लिए आप सभी को कॉलोनी के समस्त निवासियों की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार शिलान्यास के कार्यक्रम में द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा, विनीत शर्मा, इस्लाम अली, नीरज सैनी, जयराम यादव, राजकुमार मिश्रा, करण राठौर, आनंद त्रिपाठी, शिव वर्मा, राजेश कुमार तिवारी, शोभावती, सरिता, गीता देवी, रेखा, रानी, संतोष कुमारी, जुबैदा आदि रामनगर कॉलोनी तथा विष्णु लोक कॉलोनी एवं आसपास के भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# संपत्ति मेले में 15% की विशेष छूट को लेकर दिखा उत्साह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ओर से प्रदेश के विभिन्न जोनों में संपत्ति मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन आवास आयुक्त के निदेशों के क्रम में परिषद की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध आवासीय संपत्तियों की जानकारी प्रदान करने तथा इच्छुक क्रेताओं एवं आवंटियों को एक ही स्थान पर आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। संपत्ति मेले के दौरान परिषद की विभिन्न आवासीय योजनाओं से संबंधित फ्लैट्स के बारे में आगंतुकों को विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर परिषद की पहले आओझपहले पाओ प्रक्रिया तथा इसके अंतर्गत उपलब्ध 15% छूट के प्रति आगंतुकों ने विशेष रुचि दिखाई। कई आगंतुकों द्वारा योजनाओं के स्थलों की साइट विजिट भी की गई।लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर, आगरा एवं बरेली जोनों में संपत्ति मेला संबंधित अधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मेले में भारी संख्या में आगंतुकों की सहभागिता रही, जिन्होंने परिषद की योजनाओं, प्रक्रियाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। परिषद का उद्देश्य इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को पारदर्शी, सुगम एवं त्वरित सेवाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे आवास से संबंधित प्रक्रियाएँ सरल हो सकें और इच्छुक नागरिकों को निर्णय लेने में सहायता मिल सके।

# पार्षद ने साफ सफाई व्यवस्था को लेकर सुपरवाइजरों के साथ की बैठक

**लखनऊ।** शनिवार को पार्षद गीता देवी गुप्ता ने सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सुपरवाइजरों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान पार्षद ने वार्ड में चल रहे साफ-सफाई कार्यों की गहन समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक से जुड़ा विषय है। वार्ड में नियमित रूप से कचरा उठान, नालियों की सफाई, सड़कों वा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता वा कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पार्षद गीता देवी ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन क्षेत्र का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सफाई कार्य निर्धारित समय पर एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न हो।पार्षद गीता देवी गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि जहां कहीं भी गंदगी या समस्या पाई जाएगी, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए।उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य की नींव है और इसके लिए सफाई व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। बैठक में सुपरवाइजरों से सुझाव भी लिए गए और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। पार्षद गीता देवी गुप्ता ने विश्वास जताया कि सभी सुपरवाइजर अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाई।

# पेंशन अदालत द्वितीय आयोजन 16 को

**लखनऊ।** सरोजनी नगर के बिजनौर स्थिति केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मे आगामी 16 दिसंबर 2025 को पेंशन अदालत के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा हैं।इस अदालत मे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद व मृतक कार्मिको के आश्रितो एवं सेवानिब्रत हुए कार्मिको मे जो उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, हरदोई, झाँसी, कन्नौज, औरैया, उन्नाव, जालौन, सीतापुर, हमीरपुर, ललितपुर, बाराबंकी के निवासी हैं के कल्याण के लिए यह अदालत आयोजित की जा रही हैं।कार्यक्रम की जानकारी प्रदीप कुमार पांडेय उप कमांडेंट प्रशासन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल लखनऊ द्वारा एक विज्ञप्ति द्वारा दी गई।

# चंदा एकत्र कर ग्रामीण करवा रहे सीवर व नाली की सफाई

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** अर्जुनगंज के ग्रीन सिटी कालोनी के मुख्य रास्ते से लेकर कई गालियां नाले में तब्दील हो चुकी है।जिसको लेकर कालोनी के लोगो ने शनिवार को एकत्र होकर नगर निगम के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। स्थानीय लोगो का कहना है कि पैदल, बाइक व साइकल से निकलना दूभर हो गया है। स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा इन रास्तों से निकलने में परेशानी हो रही है। लोग शासन की ओर से कोई सुविधा न मिलने के कारण चंदा लगा कर सफाई का काम करवा रहे है जिससे सड़क पर निकलना सुगम हो सके। ग्रीन सिटी कालोनी की अधिकांश रास्तों के यही हाल है जहाँ टूटी सड़क पर हुए गड्ढों में जल जलभराव से लोग परेशान है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़के ही नाले का रूप ले चुकी



है। कालोनी ने लोगो की माने तो घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर ज्यादा दिन से जमा होने के कारण दुर्गंध आने लगी है। उसमें मच्छर भी पनप रहे है। जिम्मेदार इस समस्या को सुलझाने के बजाए ध्यान तक नही दे रहे है।

ग्रामीणों की माने तो नगर निगम में समाहित हो चुके इस कालोनी में सिर्फ कूड़ा गाड़ी आती है। सफाई आदि के लिए कोई ध्यान नही देता है। सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी से होने के कारण नगर निगम इसकी सफाई व मरम्मत से मना करता है। कालोनी में रहने वालों गौरव अग्रवाल, आलोक कुमार , विजय आदि बताते है कि जल कालोनी की जल निकासी ओमेक्स कंपनी पर निर्धारित है। पूर्व में जो नाली बनी थी वह नीचे हो गई ओमेक्स की नालियां ऊंची है। जिसके कारण ओमेक्स वाले एसटीपी के माध्यम से पानी निकालते है। वह जिस दिन पानी नही निकालते है तो पानी कालोनी में भरने लगता है। एक दिन अगर पानी नही निकाला गया तो हफ्ता भर सड़क भरा रहता है। उपरोक्त लोग बताते है कि पानी निकासी के लिए लोगो से चंदा एकत्र कर सफाई का काम किया जा रहा है।

# ऑनलाइन वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन में यूपी अव्वल

- **उम्मीद पोर्टल पर देश में सर्वाधिक 92,832 वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन**
- **वक्फ संपत्ति के रजिस्ट्रेशन की अवधि 6 माह बढ़ी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने वक्फ संपत्तियों के डिजिटल रजिस्ट्रेशन के मामले में देश में पहला स्थान हासिल किया है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा 6 जून 2025 को शुरू किए गए 'उम्मीद' पोर्टल पर 05 दिसंबर 2025 तक सभी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन का आदेश जारी किया गया था। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में कुल 92,832 वक्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया है, जिसमें 86,347 सुन्नी और 6,485 शिया वक्फ संपत्तियां शामिल हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की तिथि को 6 माह के लिए बढ़ा दिया है। लेकिन उत्तर प्रदेश की ये उपलब्धि न केवल सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल और पारदर्शिता प्रशासन को दशार्ती है, साथ ही वक्फ बोर्डों की संपत्तियों के संरक्षण और विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।


उम्मीद पोर्टल के देशव्यापी आंकड़ों के अनुसार, पूरे भारत में अब तक हुए कुल वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रजिस्ट्रेशन में उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक है। हालांकि केंद्र सरकार ने उम्मीद पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अवधि को बढ़ा दिया है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की सक्रियता से यह लक्ष्य न केवल समय पर पूरा हुआ, बल्कि निर्धारित अवधि से पहले ही हासिल कर लिया गया। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में 'उम्मीद' पोर्टल पर क्रमशः 86,347 सुन्नी और 6,485 शिया वक्फ संपत्तियों के साथ कुल 92,832 वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ है। प्रदेश सरकार की ओर से चलाए गये जागरूकता अभियान और प्रशासनिक सहयोग से अधिकांश मुतवल्लियों ने वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन समय पर पूरे करवा लिये हैं। उम्मीद पोर्टल के जनपदवार विवरण से पता चलता है कि, शिया वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में लखनऊ सबसे आगे रहा, जहां 625 शिया वक्फ संपत्तियां दर्ज हुई हैं। उसके बाद 539 शिया वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ जनपद अमरोहा दूसरे और 533 वक्फ संपत्तियों के साथ मेरठ तीसरे स्थान पर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर सुन्नी वक्फ संपत्तियों के उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के मामले में 4,940 वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के साथ बाराबंकी पहले नंबर पर रहा। तो वहीं सीतापुर, दूसर और आजमगढ़ तीसरे स्थान पर रहा।

# सड़क हादसे में घायल, शक्ति भवन के कर्मचारी की शनिवार को उपचार के दौरान मौत

**अमन लेखनी समाचार**

**पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 7 में शुक्रवार शाम लोडर से हुई दुर्घटना मामला।**

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 7 में शुक्रवार शाम करीब साढ़े 6 बजे अनियंत्रित लोडर की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति के घायल होने के मामले में शक्ति भवन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनिल शर्मा की एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान शनिवार दोपहर बाद मृत्यु हो गई। जब कि उनकी पत्नी के दोनों पैरों में फैक्चर है, और हालत गंभीर बनी हुई है। यह था मामला - तेलीबाग, खरिका के रहने वाले अनिल शर्मा 45 वर्ष अपनी पत्नी सरिता शर्मा के साथ बाइक से वृन्दावन योजना की तरफ जा रहे थे, अभी वह शहीद पथ पुल चिरैया बाग के पास पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। इनकी बाइक लोडर के नीचे फंस गई थी, जिससे दोनों 10 मीटर तक घिसट गए थे। इस हादसे में मृतक अनिल शर्मा की पत्नी सरिता शर्मा और लोडर चालक मनीष भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। परिवार में एक बेटी आंचल 22 वर्ष है



जो बाहर रहकर पढ़ाई करती है। सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम ने तेज कीं तैयारियां

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 दिसंबर को लखनऊ आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर नगर निगम ने शहर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को अटल बिहारी राष्ट्र प्रेरणा स्थल एवं उसके आसपास स्थित संपर्क मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने सबसे पहले बंधा रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क की नियमित सफाई के साथ-साथ बंधा रोड से लगे प्लाटों की भी गुणात्मक एवं गहन सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान क्षेत्र स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित दिखाई दे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद घैला पुल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने घैला पुल की साफ-सफाई के साथ-साथ आवंती बाई चौराहा एवं जॉगर्स पार्क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही इन क्षेत्रों से लगे प्लाटों की सफाई भी 17 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन-6 के जोनल अधिकारी को निर्देशित किया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मोबाइल टॉयलेट, पेयजल के लिए पानी के टैंकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एलएसए टीम के सहयोग से पर्याप्त संख्या में रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती तथा प्रत्येक पार्किंग स्थल पर सफाई मित्रों के साथ कूड़ेदानों (बिन्स) की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है और शहर की स्वच्छता, यातायात एवं नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध ढंग से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

**युद्ध स्तर पर प्रेरणास्थल का काम जारी :** लखनऊ विकास प्राधिकरण फिलहाल युद्ध स्तर पर प्रेरणास्थल को सजाने और संवारने का काम कर रहा है। प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली को लेकर भी यहां पर तैयारी की जा रही है। जनसभा के लिए बड़े-बड़े वीआईपी हैंगर्स बनाए गए हैं। साथ ही एक से डेढ़ लाख लोगों के बैठने का इंतजाम भी किया जा रहा है।

**बड़े अफसरों पार्क में कर रहे ड्यूटी :** 232 करोड़ रुपये में यह प्रेरणास्थल लखनऊ के बाहरी हिस्से में बनाया गया है ताकि कार्यक्रम खत्म होने पर कभी भी यहां जाम की स्थिति ना बने। फिलहाल रोड को चमकाया जा रहा है, पेड़ पौधों को लगाया जा रहा है और पेंटिंग का काम अंतिम दौर में है। प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं और पूरी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभी अधिकारियों ने यही पर डेरा जमा लिया है।

**प्रेरणास्थल की खासियत :** इस प्रेरणा स्थल की खासियत यहां का म्यूजियम भी है और म्यूजिकल फाउंटेन भी है। इस



म्यूजियम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी से संबंधित शॉर्ट फिल्म भी चलाई जाएगी। साथ ही उनके जीवन से जुड़ी हुई सभी चीजों को प्रदर्शित भी किया जाएगा। ऊपर से कमल के आकार का दिखने वाला ये प्रेरणास्थल आने वाले दिनों में लखनऊ की सबसे बड़ी पहचान के तौर पर भी उभर सकता है और भाजपा सरकार द्वारा लखनऊ की जनता के लिए एक बड़ा मील का पत्थर भी साबित हो सकता है।

## 1000-1000 चार पहिया वाहनों के लिए दो पार्किंग

एलडीए के उपाध्यक्ष समेत 20 आला अफसर-इंजीनियरों ने वहां कैम्प कार्यालय बना लिया है। एलडीए के अनुसार 20 दिसम्बर तक सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का लक्ष्य है। साथ ही यह भी तय किया जा रहा है कि लोकार्पण समारोह में आने वाली बसों की पार्किंग कहां होगी। कुल 2500 बसें अलग-अलग जिलों से आ रही हैं। ऐसे में कलर कोडिंग के आधार पर जिलों को बांटते हुए उनकी पार्किंग तय की जा रही है। तैयारियों में एलडीए के अलावा जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी भी प्रेरणा स्थल पर डटे हुए हैं। प्रेरणा स्थल के भीतर और बाहर करीब 1000-1000 चार पहिया वाहनों के लिए दो पार्किंग बनाई गई हैं। चहारदीवारी के बहार भी एक हजार गाड़ियों की पार्किंग की जा सकेगी। स्मारक में प्रवेश के लिए वीवीआईपी और वीआईपी गेट बनाए गए हैं।

## संक्षेप

### घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर ट्राली चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली लगा हुआ घर के बाहर खड़ा था जिसको अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित ने थानें में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। हसनगंज थाना क्षेत्र के अयोइया सराय मलकादिन के रहने वाले मोतीलाल पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाकर बताया। कि दही थाना क्षेत्र के इब्राहिम बाग पीतांबर नगर भाग 2 में वर्तमान समय में मकान बनकर रह रहा है। 29 नवंबर रात लगभग 12.50 बजे नीले रंग का पावर ट्रैक ट्रैक्टर ट्रॉली लगा हुआ घर के बाहर खड़ा था। जिसको अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गए। काफी खोजबीन भी करने के बाद कुछ पता नहीं चला। तो पीड़ित ने 10 दिसंबर को थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

### ससुराल आए युवक ने अपनी गर्दन पर ब्लेड मार कर किया जान देने का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नरी गांव में शुक्रवार रात पति-पत्नी के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। ससुराल आए मोहनलालगंज निवासी संतोष (30) ने ब्लेड से अपने गले की नस काटकर खुदकुशी का प्रयास किया। इस घटना से घर में अफरा-तफरी मच गई।

संतोष अपनी पत्नी से सुलह के लिए नरी गांव आया था। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। शुक्रवार को घर में बातचीत के दौरान विवाद फिर बढ़ गया। कहासुनी इतनी गंभीर हो गई कि संतोष ने गुस्से में आकर पास रखे ब्लेड से अपने गले पर वार कर लिया। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। संतोष को खून से लथपथ देख परिवार के सदस्य घबरा गए चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गएपरिजनों ने तुरंत संतोष को एक निजी वाहन से जिला अस्पताल उन्नाव पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। चिकित्सकों ने बताया कि समय रहते अस्पताल पहुंचने से स्थिति नियंत्रण में आ गई और संतोष की हालत फिलहाल स्थिर है। घटना की सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस गांव पहुंची और जानकारी जुटाई। पुलिस ने घरवालों और पड़ोसियों से पति-पत्नी के विवाद के बारे में पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घरेलू कलह के कारण संतोष मानसिक तनाव में था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया ।इंस्पेक्टर कोतवाली चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच कर रही है और पति-पत्नी के बीच विवाद के कारणों का पता लगा रही है। परिजनों ने बताया कि झगड़ा अचानक बढ़ गया था, लेकिन उन्हें इस तरह के कदम की उम्मीद नहीं थी।

## मधुसूदन बाल कृष्ण की लीलाएं भक्ति और विस्मय से भरी हैं - हितेश जी महाराज

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। अयोध्या धाम से पधारे जगत गुरु स्वामी राघवाचार्य जी के शिष्य रामानुजाचार्य हितेश जी महाराज रस मयी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा सुना रहे हैं ।पंचम दिवस की कथा में आचार्य श्री ने मधुसूदन बाल कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया ।उन्होंने कहा माधव की हर लीला भक्ति और विस्मय से भरी है भक्ति भाव से विभोर कर देने वाली है ।अपने भक्तों के हितार्थ भगवान ने राक्षसी पूतना,मामा कंस का वध किया ।कालिया नाग का मर्दन,इंद्र का घमंड तोड़कर गोवर्धन पर्वत उठाया। बाल कृष्ण की लीलाएं रहस्यमी हैं।

कथा क्रम आगे बढ़ाते हुए श्री हितेश महाराज कहते हैं कंस के कहने पर पूतना वेश बदलकर बाल कृष्ण को विषैला दूध पिलाने गई थी लेकिन श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते हुए ही पूतना का उद्धार कर दिया। उन्होंने कहा कि जो भी भगवान के समक्ष अपने को समर्पित कर देता है प्रभु उसे मोक्ष देते हैं। भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन और संगीत की लय बद्ध ताल के मध्य गीतों की फुहार भक्तों को आनंदित करती है हो भी क्यों न आज की कथा में प्रभु की बाल लीलाओं का वर्णन ही कुछ ऐसा था कथा व्यास हितेश महाराज जी ने नंदोत्सव और उनके नामकरण का वर्णन सुनाया तो सभी भक्त थिरकने लगे ।आगे चलकर माखन चोरी, ऊखल बंधन ,ग्वाल-बालों के साथ माखन चुराना, गोपियों को तंग करना और यमलार्जुन (नल-कुबेर) का उद्धार जैसी नटखट लीलाएँ भी सुनाई।

श्रीमद् भागवत कथा को सामाजिक पुट देते कथा व्यास श्री महाराज ने बताया कि मानव को कभी घमंड नहीं करना चाहिए जब कोई घमंडी हो जाए तो समझ जाना उसके पतन का मार्ग खुल गया। बाल कृष्ण ने घमंडी कालिया का मान मर्दन किया इंद्र के घमंड को तोड़ने और ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठा उंगली पर उठा लिया ।यही नहीं इंद्र का अहंकार भंग कर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र की पूजा बंद करके गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का उपदेश दिया। कथा कहती है संकट के समय ईश्वर अपने भक्तों के साथ हमेशा खड़े रहते हैं। पांचवें दिन की कथा में श्री हितेश जी महाराज द्वारा भगवान की बाल्य लीलाओं का वर्णन भाव विभोर करने वाला था श्रोताओं ने झूमते हुए अनेकों बार तालियां बजाई कथा में प्रमुख रूप से उत्तम चंद्र, निशेष गुप्ता,रेखा गुप्ता,अनीता लोधी,सरला सिंह,दिनेश गुप्ता,विशाल श्रीवास्तव,पंडित शिवशंकर मिश्र,पूर्व प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह,बालशंकर त्रिपाठी,राकेश गुप्ता, देवेश गुप्ता,अलोक शुक्ल,रंजीत लोधी,प्रमोद बाजपेई सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने 25 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया फेर बदल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस प्रशासन ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के आदेश पर कुल 25 उपनिरीक्षकों (दरोगाओं) का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है। यह कार्रवाई जनहित, प्रशासनिक आवश्यकता और कार्यदक्षता को ध्यान में रखकर की गई है। सभी संबंधित उपनिरीक्षकों को अपने नवीन तैनाती स्थल पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार, कई थानों और चौकियों के प्रभारियों को बदला गया है। इसके अतिरिक्त, पुलिस लाइन, शिकायत प्रकोष्ठ, चुनाव सेल और महिला थाना से जुड़े उपनिरीक्षकों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस फेरबदल का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना बताया गया है। स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र को शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी से थाना गंगाघाट भेजा गया है। उपनिरीक्षक मोहम्मद असलम को थाना सोहरामऊ से दरोगाखेड़ा चौकी प्रभारी, थाना दही नियुक्त किया गया है। वहीं, दरोगाखेड़ा चौकी प्रभारी मोहम्मद रफीक को थाना सोहरामऊ स्थानांतरित किया गया है। उपनिरीक्षक रवि शंकर पाण्डेय को विंध्यनगर चौकी प्रभारी से मगरवारा चौकी प्रभारी, थाना कोतवाली की जिम्मेदारी मिली है। इसी कड़ी में, उपनिरीक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी को थाना बारासगवर से बदरका चौकी प्रभारी, थाना अचलगंज भेजा गया है। उपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायण द्विवेदी को बदरका चौकी प्रभारी से विंध्यनगर चौकी प्रभारी, थाना गंगाघाट नियुक्त किया गया हैउपनिरीक्षक इंद्रदेव उपाध्याय को किला चौकी प्रभारी, थाना कोतवाली से शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात कई उपनिरीक्षकों को भी थानों और चौकियों में नई जिम्मेदारियां मिली हैं। इनमें उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह को किला चौकी प्रभारी, थाना कोतवाली; उपनिरीक्षक शिव कुमार को थाना हसनगंज; और उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव को बैरियर चौकी प्रभारी, थाना अचलगंज भेजा गया है अनिल कुमार साहू, राम अवतार, गजेंद्र सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी, न्यूटन कुमार सिंह जैसे अन्य अधिकारियों को भी नई तैनाती दी गई है।

महिला उपनिरीक्षक रेखा देवी का भी स्थानांतरण किया गया है, जिन्हें महिला थाना से थाना कोतवाली भेजा गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह फेरबदल एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित अधिकारी स्थानांतरण आदेश का कड़ाई से पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस व्यापक फेरबदल के बाद जनपद में कानून-व्यवस्था और अधिक चुस्त-दुरुस्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया बिल पर मिलेगी छूट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। पावर कॉपोरेशन ने जिले में ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना लागू कर दी है। यह विशेष योजना 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिलों पर बड़ी छूट और सरचार्ज की पूरी माफी दी जा रही है।

अधीक्षण अभियंता अमी कुमार सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ओटीएस योजना को तीन चरणों में विभाजित किया गया है।

पहला चरणः मूलधन में 25% छूट सरचार्ज पूरी तरह माफयह चरण लंबे समय से लंबित बिल वाले उपभोक्ताओं के लिए सबसे लाभकारी है।

विभाग के अनुसार सभी तीन चरणों में उपभोक्ताओं को राहत देने का प्रयास किया गया है, ताकि कोई भी लंबित उपभोक्ता योजना का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। ओटीएस अभियान को सफल बनाने के लिए बिजली विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं। जिले के 1067 गांवों में विशेष शिविर लगाए गए हैं, जहां बिल संशोधन, बिल जमा, तथा ओटीएस योजना से जुड़ी सभी सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविरों में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचकर अपने लंबित बिल जमा कर राहत प्राप्त कर रहे हैं। योजना लागू होने के बाद अब तक 2.47 करोड़ रुपये का शमन शुल्क जमा किया जा चुका है, जिसे विभाग अभियान की सफलता मान रहा है। बिजली निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि बिजली चोरी से जुड़े मामलों में भी उपभोक्ता शमन शुल्क जमा कर ओटीएस योजना का लाभ ले सकते हैंइस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को नियमित भुगतान व्यवस्था से जोड़ना है।

## मेले में बिक्री के लिए आया साढ़े तीन लाख का घोड़ा बना चर्चा का विषय

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय देने वाले सुप्रशिद्ध तकिया मेले में आया साढे तीन लाख का घोड़ा लोगो मे चर्चा का विषय बन गया। दूर दूर से लोग इस घोड़े को देखने आने लगे। सुंदर सफेद कसे शरीर,गठीला बदन के इस घोड़े के मालिक कुलवीर यादव निवासी सराय जोगा रायबरेली ने बताया इसको हमने अपने बच्चे की तरह पाल कर बड़ा किया है। इसका नाम जोगी है । यह घोड़ा तेज धुन के गाने की आवाज सुन खुद नाचने लगता है। वही दूसरी तरफ रानी घोड़ी नुकरी भी मेले की शोभा बढ़ा रही थी। उसके मालिक असगर भाई फतेहपुर जनपद के निवासी है। असगर भाई ने बताया रानी की कीमत 3 लाख है। बांदा जिले के घोड़ो के ब्यापारी शिवसागर सिंह यादव सफेद रंग का घोड़ा लाये है जिसकी कीमत 2 लाख 50 हजार रुपये बताई है। यह घोड़ा भी इशारों पर ही नाचना शुरू कर देता है। इस घोड़े का नाम मोहन है जिसके शरीर की सुंदर बनावट मेले का मन मोह रही है। मेले आयी विभिन्न किस्म की फ्रिजियन,साहीवाल,गिरि नस्ल की दुधारू जानवरो को लेने के लिए पशु पालकों की भीड़ लगी है। सेढुपुर बारासगवर के ब्यापारी प्रहलाद यादव 50 हजार से 1 लाख तक की गाये लाये है। रुजिहई निवासी कान्हा की दुधारू किस्म की भैंस 1 लाख रुपये से ऊपर की है। विभिन्न जिलों के आये ब्यापारियों ने छोटे से बड़े जानवरो की कीमत अलग अलग तय कर रखी है। 20 हजार से ढेड़ लाख तक के दुधारू जानवर मेले में आ चुके है। मेले में दूर दराज से पशुपालक आकर अपनी पसंद का जानवर चुन कर ले जा रहे है।

## डंपर व ऑटो में भिड़ंत तीन की मौके पर मौत, चार गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत मकूर गांव के पास नजदीक इंडियन पेट्रोल पंप में भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की दर्दनाक मौत उन्नाव जिले के अजगैन थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मकूर गांव के पास इंडियन पेट्रोल पंप के नजदीक तेज रफ्तार डंपर और एक ऑटो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर तेज गति में था और अनियंत्रित होकर ऑटो से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अजगैन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त ऑटो में फंसे शवों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मृतकों की पहचान पुत्तीलाल लोधी (60 वर्ष), निवासी मद्दू खेड़ा, रामाशंकर निवासी उन्नाव और एक अज्ञात युवक के रूप में हुई है। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिलाधिकारी ने कृषि योजना का किया अवलोकन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री कृषि धन-धान्य योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने ऊसर भूमि के सुधार, ड्रोन तकनीक के उपयोग, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और कृषि से जुड़े अवसंरचनात्मक विकास पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने जनपद में ऊसर भूमि सुधार के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने अब तक हुए कार्यों की रिपोर्ट, सुधार की वास्तविक स्थिति और आगामी महीनों के लिए लक्ष्य-आधारित कार्य पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊसर भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों और विभागीय समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक को तेजी से लागू करने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आलू उत्पादक किसानों के खेतों में प्राथमिकता के आधार पर ड्रोन डेमो कराए जाएं। इसके साथ ही आलू उत्पादन वाले ग्रामों को ड्रोन सखी/ड्रोन दीदी से जोड़ा जाए, ताकि किसान फसल छिड़काव से लेकर सर्वेक्षण तक आधुनिक तकनीक का लाभउठा सकें। उन्होंने ड्रोन दीदी द्वारा चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया ।बैठक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में कृषि सखियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि सखियों के माध्यम से प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का डेटा तैयार किया जाए और उन्हें इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित होने वाले किसानों को लगातार तकनीकी सहायता प्रदान की जाए। जिलाधिकारी ने मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत ग्राम पंचायतों के तालाबों के जीर्णोद्धार और उनके पट्टे कराकर किसानों को मछली पालन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय दोनों को बढ़ावा मिलेगा ।आम उत्पादक किसानों के लिए अवसंरचना निर्माण पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को आम के लिए मिनी पैक हाउस और आम मंडी का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य आम की अगली फसल के सीजन से पहले पूरा हो जाना चाहिए ।इसके अतिरिक्त उन्होंने उप निदेशक कृषि को अधिक संख्या में ड्रोन सखी तथा कृषि सखी के चयन व प्रशिक्षण पर जोर दिया। साथ ही मृदा परीक्षण अभियान को गति देने, अधिक सैंपल एकत्र करने और रिपोर्ट के आधार पर मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए, ताकि किसानों की पैदावार में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

## विद्युत तार को चोरी करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। बीती देर रात चोरों द्वारा 7 बिजली के खंबो से काटे गएअलमुनियम के तार को लोडर में लोड कर बेचने जाते समय कोतवाली पुलिस ने चोरों को तार और लोडर समेत गिरफ्तार कर लिया । बीती देर रात मुखबिर की सूचना पर थाने के दरोगा गंगा प्रसाद व पुलिस बल ने कोतवाली के गांव चक जमालपुर के पास स्थित राजा सागर तालाब के पास टाटा मैजिक लोडर संख्या यूपी 35 सी टी 5762 को रोक कर देखा तो भारी मात्रा में बिजली के खम्बो के कटे हुए तार लदे हैं ।पूछताछ करने पर लोडर में सवार लोगों ने बताया की चक जमालपुर गांव में ही लगे बिजली के खाबो जिसमें बिजली नहीं आती है 10 दिसंबर की रात काटा था जिसे बेचने के लिए ले जा रहे हैं जिससे पकड़े गए लोगों ने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम हरी खेड़ा थाना बीघापुर , संतोष कश्यप पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम मनोहर नगर थाना गंगा घाट ,दीपक पुत्र सीताराम निवासी ग्राम विक्रमपुर लाल कुआं थाना बीघापुर बताया । जिन्हें आवश्यक लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेजने की कारवाई किया गया कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया 10 दिसंबर की मध्य रात्रि कोतवाली के गांव चक जमालपुर के पास उपरोक्त चोरों ने बिजली सात खम्बों से 330 किलो बिजली का तार चुराया था जिस पर बिजली विभाग के अवर अभियंता मुकेश कुमार भारती ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था।

## अवैध खनन में पकड़े गए दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी मशीन



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव । आसीवन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अवैध रूप से मिट्टी खनन की सूचना पर खनन अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे जहां एक जेसीबी व दो ट्रैक्टरों को पकड़ लिया और पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने वाहनों को सीज कर दिया। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर स्थित मुशीराबाद गांव के पास देर रात करीब सवा दो बजे अवैध रूप से मिट्टी खनन हो रहा था ग्रामीणों की सूचना पर खनन अधिकारी प्रांजुल कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एक जेसीबी मशीन व दो ट्रैक्टर जिसमें मिट्टी लदी हुई थी तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर आसीवन थाना में खड़े करा दिए इस संबंध में आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि जेसीबी मशीन व दो ट्रैक्टरों पर सीज की कार्यवाही करते हुए उनको सीज कर दिया है।

## पुलिस अंकल से बच्चों ने की दोस्ती, बोले हाऊ आर यू

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौराँवा स्थित डी बी एस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के मन से पुलिस के प्रति भय का भाव खत्म करने और पुलिस की कार्यशैली से उन्हें अवगत कराने के उद्देश्य से प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया , कार्यक्रम की शुरूआत देवी माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन करके की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रहरी व पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव प्रभारी अनूप मिश्र ह्लअपूर्वह्न ने कहा कि पुलिस पाठशाला का उद्देश्य पुलिस और बच्चों के बीच संवाद सुरक्षा, जागरूकता और भरोसे पर केंद्रित होता है , उन्होंने बच्चों को हेल्पलाइन नंबर (112, 1090, 1098, 1076), गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध और आपात स्थिति में पुलिस से बिना डर संपर्क करने के तरीके सिखाये ।सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस सभी हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से हर संकट में आमजन के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में डरने की नहीं, बल्कि सही नंबर पर समय से सूचना देने की आवश्यकता होती है, जिससे पुलिस तत्काल सहायता पहुंचा सके। पुलिस सभी के सहयोग के लिए सदैव तत्पर एवं मित्र के रूप में कार्य करती है। बच्चों को आत्मरक्षा के सरल व्यावहारिक तरीके, सतर्कता, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती के गुर सिखाए गए।

बाल संवाद के दौरान बच्चों द्वारा बड़ी मासूमियत से 'पुलिस अंकल' से सवाल पूछे गए और हाथ मिलाकर उनको अपना दोस्त बना लिया। पुलिस अंकल से चॉकलेट और टॉफियाँ पाकर बच्चे खुश हो गये। अनूप ने बच्चों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवन और स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया और ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव मुहिम के तहत पाँच छायादार पौधे लगाये। विशिष्ट अथिति डा. रचना सिंह (राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका) और डा. रचना त्रिवेदी (एच ओ डी - शिक्षा विभाग, डी एस एन डिग्री कॉलेज) ने बच्चों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और लक्ष्यों के आधार पर सही शिक्षा और कैरियर के विकल्प चुनने के लिए मार्गदर्शन किया।

प्रिंसिपल वंदना अवस्थी एवम अन्य शिक्षकों के बेहतरीन निर्देशन में बच्चों द्वारा महिला सशक्तिकरण , साइबर क्राइम , ट्रैफिक रुल्स और प्राथमिक चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुत लघु नाटिकाओं ने सभी को भावविभोर कर दिया इस प्रस्तुति में युवराज तिवारी, आयुष वर्मा, नबीला, प्रतिष्ठा शुक्ला, जैनह खान व अदित्री ने सराहनीय भूमिका निभाई ।विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना अवस्थी ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा की अनूठी पहल पुलिस की पाठशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रम बच्चों को न केवल जागरूक बनाते हैं, बल्कि उन्हें समाज और पुलिस के प्रति भरोसे से भी जोड़ते हैं ।विद्यालय के प्रबंधक डी. बी. सिंह, दिनेश सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। अक्षत सिंह और अक्षय सिंह ने बच्चों को बताया कि सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास हैह्न अमित मिश्र सहित प्रबंधन सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने सख्त अभियान चलाया। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन व उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के निदेशों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी उन्नाव श्री अनुराग मिश्र के नेतृत्व में 13 दिसंबर 2025 को व्यापक छापेमारी की गई ।आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह (क्षेत्र-4, पुरवा) ने मय टीम और स्थानीय पुलिस बल के साथ थाना मौरावां क्षेत्र के ग्राम छोटीखेड़ा, खानपुर व मवई में दबिश दी। इस दौरान अलग-अलग ठिकानों से कुल 52 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 400 किलोग्राम लहन महुआ को मौके पर ही नष्ट कराया गया ।छापेमारी में एक महिला अभियुक्ता सीमा पत्नी राम प्रसाद, निवासी छोटीखेड़ा थाना मौरावां को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना मौरावां में दो अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई। प्रशासन ने आगे भी ऐसे अभियानों के जारी रहने की बात कही है।




## जमीनी विवाद को लेकर पति पत्नी को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर पंचायत मित्र दंपती पर हुए हमले का मामला शुक्रवार रात बढ़ गया। अलौलापुर मजरा छतरापुर गांव में दबंग परिवार ने पंचायत मित्र कृष्णा देवी और उनके पति सालिकराम की बीच सड़क पर बेरहमी से पिटाई की, जिसका लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में हमलावर गाली-गलौज करते हुए दंपती को पीटते हुए दिख रहे हैं ।पीड़ित कृष्णा देवी ने बताया कि उनका गांव के ही बड़क्के, उसकी पत्नी उर्मिला, बेटी पूनम और एक अन्य युवक से जमीन का विवाद चल रहा है। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। उन्होंने पहले सालिकराम को पकड़कर पीटा, फिर कृष्णा देवी पर भी हमला कर दिया ।कृष्णा देवी ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान बड़क्के ने उनका अंगूठा दांत से काट लिया, जिससे गहरा घाव हो गया और काफी खून बह गया ।सड़क पर हुई इस मारपीट का वीडियो एक राहगीर ने बनाया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो में आरोपी दंपती को धकेलते, थप्पड़ मारते और गाली-गलौज करते साफ दिखाई दे रहे हैं। पीड़ितों के अनुसार, आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है ।हमले के बाद दंपती किसी तरह वहां से बचकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। मामले की सूचना मिलते ही बांगरमऊ कोतवाली पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने पीड़ित दंपती का मेडिकल परीक्षण कराया है और वायरल वीडियो को सबूत के तौर पर सुरक्षित कर लिया है ।पुलिस ने बताया कि आरोपियों की भूमिका की गहराई से पड़ताल की जा रही है। वीडियो और गवाहों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।ग्रामीणों के अनुसार, आरोपियों का परिवार लंबे समय से गांव में दबंगई करता आ रहा है। पंचायत मित्र दंपती पर खुलेआम हुए इस हमले के बाद ग्रामीणों में रोष है। पीड़ित परिवार आरोपी पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है ।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# दीपावली को मिला ग्लोबल सम्मान

भारत के प्रमुख त्योहार दीपावली को यूनेस्को द्वारा अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस फैसले से दीपावली को ग्लोबल सम्मान मिला है। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से दीपावली को विश्वभर में संरक्षण मिलेगा। इससे भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूती मिलेगी, साथ ही यह युवा पीढ़ी के बीच पारंपरिक उत्सवों की महत्ता समझने में भी मदद करेगा। इस दिन घर-घर दीप जलाकर, रंगोली सजाकर और खुशियां मनाकर यह उत्सव पूरे देश में बड़े हर्ष उल्लास से मनाया जाता है। यह पहली बार है जब भारत इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज (आईसीएच) के संरक्षण के लिए इंटर गवर्नमेंटल कमेटी के सत्र की मेजबानी कर रहा है। इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में 8 से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित लिस्ट में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे। अब भारत की 16 चीजें यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हो गई हैं। इनमें वेद पठन, कुटियट्टम, रामलीला, राम्मन, मुदियेट्टू, कालबेलिया लोक गीत और नृत्य, छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध पाठ, मणिपुर का संकीर्तन, जंडियाला गुरु के ठठेरा बर्तन निर्माण, योग, नवरोज, कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा और अब दीपावली शामिल हैं। दीपावली भारत के उन चिरस्थायी त्योहारों में से एक है जो अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। यूनेस्को ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में दीपावली के अलावा घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल किए हैं। यूनेस्को के इस ऐलान के बाद भारत सरकार ने कहा कि दीपावली को इस सूची में शामिल करके यूनेस्को ने नवीकरण, शांति और अच्छाई की जीत के लिए शाश्वत मानवीय अभिलाषा का सम्मान किया है। दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह फैसला न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता देता है, बल्कि हमारी परंपराओं को संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही एक जीवंत परंपरा है। यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञानता पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध समुदायों के लिए इसका अलग-अलग धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। दीपक, पटाखे, मिठाइयां और घर की सफाई जैसी प्रथाएं इस त्योहार को एक सामाजिक समारोह बनाती हैं, जो परिवारों और समुदायों को जोड़ती हैं। इसके यूनेस्को की सूची में शामिल होने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि संस्कृति का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। यह हमारे युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने और परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। यह हमारे लिए एक गर्व का क्षण है, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। हमें इस त्योहार की मूल भावना प्रकाश, ज्ञान और एकता को बनाए रखना होगा।

# वंदे मातरम् से जन्मा तुष्टिकरण विभाजन



राष्ट्रीय गीत

प्रमोद भार्गव

मुस्लिम तुष्टिकरण की बुनियाद पर भारत को जितनी हानि उठानी पड़ी है, दुनिया के अन्य किसी देश ने नहीं उठाई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन से की। इसी कड़ी में वंदे मातरम् गीत के टुकड़े किए गए और फिर देश का भी बंटवारा जिन्ना की अलग मुस्लिम राष्ट्र बनाने की जिद के चलते हो गया, जबकि संपूर्ण वंदे मातरम् गीत भारत की शाश्वत संकल्पना है। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान गीत के विभाजन के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे जिम्मेवार ठहराया। अतएव संसद में इस गीत के इतिहास में झांकने की बहस को एक सबक के रूप में लेना चाहिए।

मुस्लिम तुष्टिकरण की बुनियाद पर भारत को जितनी हानि उठानी पड़ी है, दुनिया के अन्य किसी देश ने नहीं उठाई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन से की। इसी कड़ी में वंदे मातरम् गीत के टुकड़े किए गए और फिर देश का भी बंटवारा जिन्ना की अलग मुस्लिम राष्ट्र बनाने की जिद के चलते हो गया। जबकि संपूर्ण वंदे मातरम् गीत भारत की शाश्वत संकल्पना है। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान गीत के विभाजन के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे जिम्मेवार ठहराया। कहा, 'नेहरू ने जिन्ना की सांप्रदायिक चिंताएं दोहराकर वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात किया, गीत के टुकड़े करवाए।

इससे देश तुष्टिकरण की राजनीति की राह पर चल पड़ा, जो विभाजन पर जाकर थमा।' इसी तुष्टि के चलते 1875 में रचित इस गीत के केवल दो पद राष्ट्रीय गीत के रूप अपनाए गए। मोदी के इस कथन ने इतिहास के इस काले पन्ने पर जमा धूल को हटाने का काम नए सिरे से कर दिया है। जबकि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम् की भावना ने पूरे राष्ट्र का जागरण किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इस गीत के महत्वपूर्ण पदों को उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। जिस भाव से वंदे मातरम् के टुकड़े किए गए थे, कालांतर में उसी भाव ने विभाजन के बीज बो दिए थे। जबकि यह ठोस और निर्विवाद सच्चाई है कि देश को आजादी दिलाने में इस गीत की अहम् भूमिका रही है। बंकिमचंद्र चटर्जी के बांग्ला भाषा में लिखे गए उपन्यास 'आनंद मठ' में यह गीत दर्ज है। राष्ट्रगान के रूप में स्वीकारा गया यह गीत कोई मामूली गीत नहीं है।

भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान और स्वाभिमान इसी गीत से प्राप्त हुए। नागरिक सभ्यता की विरासत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानव सेवा के मूल्यों के उत्स इसी गीत के समवेत स्वर की उपज हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध भिन्न जातीय और धर्म-समुदायों को संगठित करने के अभियान में इसी गीत की भूमिका बुलंद थी। तय है, वंदे मातरम् क्रांति के स्वरों में नींव का पत्थर था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रक्त धमनियों में विद्रोह की उग्र भावना इसी गीत की देन है। 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को देशव्यापी धरातल इसी गीत के बूते मिला था। वह यही आंदोलन था, जिसमें गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। यह नारा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला भी माना जाता है। सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के फौजियों ने भी इसी गीत को गाते हुए मातृभूमि की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर किए थे।

हालांकि महात्मा गांधी 1905 में ही लिख चुके थे कि वंदे मातरम् इतना लोकप्रिय हो गया है कि वह राष्ट्रगान जैसा बन गया है। 14 अगस्त 1947 की मध्य-रात्रि में जब देश आजाद हो रहा था, तब इस मंत्र-गीत का गायन सुचेता कृपलानी ने किया और वहां उपस्थित लोग इस गीत के सम्मान में गीत खत्म न हो जाने तक खड़े रहे थे। 15 अगस्त 1947 को जब स्वतंत्रता का सूर्योदय हो रहा था, तब आकाशवाणी पर पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से गाया। आखिरकार 24 अगस्त 1948 को जन-गण-मन के साथ इस गीत को भी राष्ट्र गीत की प्रतिष्ठा मिली। लेखक और दार्शनिक युगदृष्टा होते




हैं, इसलिए बंकिम बाबू ने इस गीत को लिखे जाने के वक्त ही अपनी दिव्य-दृष्टि से अनुभव कर लिया था कि यह गीत राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनकर लोकप्रियता के शिखर चूमेगा, इसीलिए उन्होंने इसे बांग्ला भाषा में न लिखते हुए संस्कृत में लिखा। मूल और संपूर्ण गीत की केवल नौ पंक्तियां बंगाली में हैं। इस गीत का जो संपादित अंश राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया गया है, वह केवल दो पद और आठ पंक्तियों में है। वंदे मातरम् को इस्लाम विरोधी जताया जाता रहा है। जब कांग्रेस ने इसे प्रार्थना गीत के रूप में स्वीकार किया था, तब भी इसकी खिलाफत शुरू हो गई थी। 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में मोहम्मद अली जिन्ना ने वंदे मातरम् का विरोध किया। वस्तुतः नेहरू ने इस विरोध के पांच दिन बाद ही सुभाष बोस को लिखे एक पत्र में कहा कि 'आनद मठ में उल्लेखित वंदे मातरम् की पृष्ठभूमि मुसलमानों को उकसा सकती है।' इसी के बाद कांग्रेस कार्यकारिणी ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इसमें मौलाना आजाद, पंडित नेहरू और सुभाष चन्द्र बोस जैसे प्रखर संस्कृति मर्मज्ञ सदस्य थे। समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वे रवीन्द्रनाथ ठाकुर से विचार-विमर्श कर वंदे मातरम् के संबंध में दो टूक सलाह दें। समिति ने जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, उसके उपरांत कांग्रेस कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि हरेक राष्ट्रीय सार्वजनिक सभा में वंदे मातरम् के केवल दो पद गाये जाएं। यानी कांग्रेस मुस्लिम लीग के समक्ष झुकी और मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पकड़ ली। तुष्टि का यही रास्ता देश को विभाजन के द्वार तक ले गया। बावजूद देश-विभाजन के लिए जिम्मेदार मुस्लिम लीग के नेता वंदे मातरम् को बुतपरस्ती, अर्थात मूर्ति पूजा मानते हुए इसका विरोध लगातार करते रहे। इस बहाने लीगियों ने अल्पसंख्यकों को खूब उकसाया। नतीजतन 1938 तक कांग्रेस के जो प्रमुख मुस्लिम नेता इस गीत की राष्ट्रीय गरिमा का ख्याल रखते चले आ रहे थे, वे भी दबी जुबान से इसका विरोध करने लगे। बाद में साझा सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के नजरिये से उर्दू के उदारवादी कवियों व राजनीतिकों ने वंदे मातरम् का अनुवाद 'ऐ मादर, तुझे सलाम करता हूं' किया, अर्थात हे माता, तुझे प्रणाम करता हूं करके किया,लेकिन कट्टरपंथियों के भाव उतरा नहीं। जबकि मुल्क को गुलामी से आजाद कराने की इस इबादत में गलत कुछ भी नहीं था। अरबी-फारसी के अनेक कवियों ने भी देश को 'मां' कहकर संबोधित किया है।

लिहाजा राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं व उद्गारों को प्रचलित रूपकों अथवा प्रतीकों में प्रकट करना मूर्ति पूजा या बुतपरस्ती कतई नहीं थी। वंदे मातरम् एक मौलिक रचना है, इसकी व्याख्या धर्म नहीं, केवल साहित्य के संदर्भ में होनी चाहिए थी। इसे यदि कोई सांसद या विधायक इस्लाम विरोधी जताता है, तो उसका मकसद धर्म के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकना भर था, जो अलगाववादी राजनीति की संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। जिन्ना और अन्य लीगी इसी विभाजनकारी मानसिकता से काम करते रहे और देश दो टुकड़ों में बंट गया। स्वतंत्र भारत में निर्वाचित कुछ मुस्लिम सांसद और विधायक संविधान की शपथ लेने के बाद भी सदन में इस गीत का अनादर करते रहते हैं। ऐसे ही चंद सिरफिरे मुस्लिमों ने आजाद हिंद फौज के नारे, 'जय हिंद' का भी विरोध किया था। दैनिक अखबार 'डान' ने वंदे मातरम् की आलोचना की थी, तब गांधी को कहना पड़ा था, 'वंदे मातरम् कोई धार्मिक नारा नहीं है, यह विशुद्ध राजनीतिक नारा है।' यही नारा था, जिसने सोये हुए भारत को जगाने का काम करके, आजादी हासिल कराई थी। अतएव संसद में इस गीत के इतिहास में झांकने की बहस को एक सबक के रूप में लेना चाहिए,जिससे भविष्य में देश की संप्रभुता एवं अखंडता से खिलवाड़ की गुंजाइश ही नहीं रह जाए?

## दिवस विशेष

डॉ. लोकेन्द्र सिंह



# भाषा जोड़ती है, तोड़ती नहीं

जब कहीं से यह समाचार पढ़ने/सुनने को मिलता है कि मराठी, तमिल या अन्य कोई भाषा नहीं बोलने के कारण व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी गई, तो दुःख होता है कि संकीर्ण राजनीति हमें किस दिशा में ले जा रही है। हम अपनी ही भाषाओं का सम्मान क्यों नहीं कर रहे हैं? जो भाषाएं आपस में जुड़ी हैं, उनके नाम पर हम एक-दूसरे से दूर क्यों हो रहे हैं? भारत की सभी भाषाओं के शब्द भंडार एक-दूसरे के शब्दों से समृद्ध हैं। हमें तो भाषायी विविधता का उत्सव मनाना चाहिए। भारत की संस्कृति की विशेषता है कि वह विविध रूपों में प्रकट होती है। हम सब मिलकर 11 दिसंबर को महान तमिल कवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती प्रसंग पर 'भारतीय भाषा दिवस' मनाते हैं। यह प्रसंग ही हमें भाषाओं के प्रति संवेदनशील होने की ओर संकेत करता है और बताता है कि भाषाएं मानवीय संबंधों में सेतु का कार्य करती हैं। एक-दूसरे से जोड़ती हैं। सुब्रह्मण्यम भारती ने तमिल को शास्त्रीय स्वरूप से बाहर निकालकर सरल और आम बोलचाल की तमिल का प्रयोग किया ताकि उनके विचार और तमिल साहित्य का ज्ञान आम लोगों तक पहुंच सके। तमिल को प्राथमिकता देने के बावजूद भारती ने हिन्दी और तेलुगु सहित अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति भी सम्मान दिखाया। वह चाहते थे कि सभी भारतीय भाषाओं के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान हो, जिससे भारत एक सशक्त राष्ट्र बन सके। उनका स्पष्ट दृष्टिकोण था कि भारत की विभिन्न भाषाएं उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति और सुंदरता हैं। भाषा मनुष्यों के बीच विचारों, भावनाओं और सूचनाओं के सुचारु आदान-प्रदान को संभव बनाती है। यदि भाषा न हो, तो यह सब संभव नहीं हो सकता। भाषा को लेकर अगर हम किसी संकीर्ण विचार से ग्रसित नहीं है, तब यह हमें एक अलग दुनिया की सैर कराती है, जहां एक-दूसरे के प्रति सम्मान है, अपनत्व है, एक-दूसरे से जुड़ने की ललक है। आपने कभी सोचा है कि कितना अपनापन लगता है जब कोई हमारी मातृभाषा में बात करता है या फिर हम सामने वाले की मातृभाषा में बात करने की कोशिश करते हैं। सच, मानिए यह पहल हृदयों को मिलाने का काम करती है। भारतीय राजनीति में इसका उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में हमारे सामने है। संपूर्ण देश में उनकी लोकप्रियता का कारण है कि वे जिस स्थान पर और जिन लोगों के बीच भाषण दे रहे होते हैं, उनके साथ संवाद स्थापित करने के लिए अभिवादन उनकी ही भाषा में करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों को सोशल मीडिया पर बधाई-शुभकामना एवं अन्य विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण पोस्ट भी उनकी ही भाषा में करते हैं। यानी देश-दुनिया को जोड़ने के लिए भाषा को बेहतरीन उपयोग हम प्रधानमंत्री मोदी से सीख सकते हैं। अनुवाद और बहुभाषावाद के माध्यम से भाषाएं सांस्कृतिक दूरियों को कम करती हैं। एक भाषा सीखना दूसरे समुदाय के विचारों और जीवनशैली को समझने का द्वार खोलता है, जिससे हमारे पूर्वाग्रह भी कम होते हैं। इसलिए व्यक्ति को अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा सीखने का प्रयास भी करना चाहिए। 'भाषा जोड़ती है, तोड़ती नहीं', यह आदर्श विचार इस दृष्टिकोण पर आधारित है कि भाषा लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने, भावनाएं साझा करने और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहायता करती है। भाषा के नाम पर भारतीय समाज को तोड़ने की साजिश का हिस्सा बन रहे लोगों को यह बात भली प्रकार से समझनी चाहिए। उन्हें अपनी ऊर्जा भारतीय भाषाओं को समृद्ध करने में लगाना चाहिए। विशेषकर, संकीर्ण राजनीति के प्रभाव में आकर हिन्दी का विरोध करने वाले बंधुओं को यह देखना चाहिए कि हिन्दी का विकास एवं विस्तार अहिन्दी भाषी महानुभावों ने अधिक किया है, जिनमें प्रमुख हैं- स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, माधवराव सप्रे, विनोबा भावे, गोपालस्वामी अय्यंगर, डॉ. चलसानि सुब्बाराव, काका कालेलकर, आर. वेंकटरमण, ज्योतिराव फुले इत्यादि। हिन्दी की पहली कहानी 'एक टोकरी भर मिट्टी' के रचनाकार प्रख्यात पत्रकार माधवराव सप्रे संदेश देते हैं कि "मैं मराठी हूँ लेकिन हिन्दी के विषय में मुझे उतना ही अभिमान है, जितना किसी हिन्दी भाषी को हो सकता है"। वहीं, स्वामी दयानंद सरस्वती मानते थे कि "हिन्दी द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है"। इस प्रकार के राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो भाषा के वास्तविक उद्देश्यों को स्थापित करता है।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

## दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं




संकलित

## प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानवाधिकार दिवस का औचित्य

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 को पेरिस में एक घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहल की गई थी। इसमें यह चीजें थी कि दुनियाभर में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न करते हुए सभी लोगों को बराबर अधिकार उपलब्ध करवाए जाएं। आज दुनिया में बहुत से देश ऐसे भी हैं जहां के नागरिक स्वतंत्रता, समानता और न्याय के अधिकारों से वंचित होंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि वहां लोकतंत्र मजबूत नहीं है। खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और मजदूरों को इससे वंचित रखा जाता है। मानवाधिकार आयोग को दुनिया में होने वाले युद्धों के लिए भी कोई ऐसे कदम उठाने चाहिए कि किसी भी देश में कोई युद्ध न छेड़े। तभी इस दिवस का औचित्य है। – *सतीश उपाध्याय, अंबिकापुर*

## करंट अफेयर

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी ने जेल के अनुभव किए साझा

फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी ने अपनी एक किताब में उस जेल का वर्णन किया है, जहां उन्होंने 20 दिन बिताए थे। सरकोजी ने जेल को शोरगुल वाली जगह, कठोर और अमानवीय हिंसा से भरी दुनिया बताया है। सरकोजी की इस पुस्तक का बुधवार को विमोचन किया गया जिसमें इस बारे में राजनीतिक सलाह भी दी गई है कि उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को धुर दक्षिणपंथी मतदाताओं को कैसे आकर्षित करना चाहिए।



'डायरी ऑफ ए प्रिजनर' नामक इस पुस्तक में 70 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने कहा है कि अपराध के प्रति उनके अपने सख्त रुख ने एक नया रूप ले लिया है।

## ऑफ बीट

# बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं

हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह



चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है।

## ट्रेंड

### सभ्यता की आत्मा



हमारे लिए, दीपावली हमारी संस्कृति और लोकाचार से बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में दीपावली के शामिल होने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गौरव का क्षण



दीपावली का यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। यह हमारी सनातन संस्कृति, प्रकाश, सत्य और धर्म के शाश्वत मूल्यों की वैश्विक स्वीकार्यता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विश्व मंच पर उत्सव है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### वोट चोरी बड़ा देशद्रोह



वोट चोरी सबसे बड़ा देशद्रोह है। भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा बल्कि सबसे महान लोकतंत्र है। भाजपा और चुनाव आयोग हमारे लोकतंत्र को नष्ट करने और लोगों की आवाज छीनने के लिए मिलीभगत कर रहे हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### इंडिगो घटनाक्रम शर्मनाक



इंडिगो एयरलाइंस का पूरा घटनाक्रम बेहद शर्मनाक रहा। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही थी कि हम अपनी एयरलाइंस तक संभाल नहीं पा रहे। एक निजी कंपनी ने भारत सरकार को घुटनों पर ला दिया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम,नई दिल्ली

## संक्षेप

### कार पुलिया से टकराकर पलटी

**एक्सप्रेस-वे की सर्विस लाइन पर मोबाइल पर बात करते समय हादसा, ड्राइवर घायल**

सुल्तानपुर, हलियापुर थानाक्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सर्विस लाइन पर गुरुवार सुबह एक कार पुलिया से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 83 के पास काकंरकोला मोड़ पर लगभग ग्यारह बजे हुई। तिरहुत बाजार की ओर से आ रही कार संख्या वढ613572 अनियंत्रित हो गई और सर्विस लाइन पर बनी पुलिया से जा टकराई। जानकारी के अनुसार, कार चालक उमेश मौर्य (पुत्र ओमप्रकाश मौर्या, निवासी नारायनपुर, थाना अदिलाहद, जनपद मिजार्पुर) मोबाइल फोन पर बात करते समय कार का नियंत्रण खो बैठा। टक्कर के कारण कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल उमेश मौर्य को तत्काल एम्बुलेंस 108 द्वारा अयोध्या के सौ शैय्या पिठला कुमार गंज अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में हलियापुर थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है और घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### निजी भूमि पर अवैध इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का आरोप

**सुल्तानपुर के ग्रामीण ने ग्राम प्रधान और अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया**

सुल्तानपुर, लम्भुआ तहसील के सकरसी गांव निवासी शिवप्रसाद ने अपनी निजी भूमि पर अवैध इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में ग्राम प्रधान सहित कई सरकारी अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। शिवप्रसाद के अनुसार, उनकी गाटा संख्या 1271/0923 पर स्थित भूमि पर अवैध तरीके से इंटरलॉकिंग सड़क बनाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान, कानूनगो, लेखपाल और थाना चौकी के कर्मचारियों की मिलीभगत से यह निर्माण कार्य जारी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में फैजाबाद मंडल में एक मामला विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 10 दिसंबर को निर्धारित थी। इसके बावजूद, उनकी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य नहीं रोका गया। शिवप्रसाद ने प्रशासन से न्यायसंगत जांच कराने और नक्शे के अनुसार सही स्थान पर रास्ता बनाने की मांग की है। उन्होंने अपनी भूमि से अवैध रूप से बनाए जा रहे रास्ते को हटाकर उचित स्थान पर निर्माण का आदेश देने का अनुरोध किया है। यह शिकायत सकरसी, तहसील लम्भुआ, जिला सुल्तानपुर निवासी शिवप्रसाद पुत्र साधू ने की है। इस मामले में लम्भुआ की एसडीएम गामिनी सिंगला ने जांच कराने की बात कही है।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए जिले में आयोजित हो रही किसान पाठशाला: डॉ विनय वर्मा

## जिले की 109 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई किसान पाठशाला

**फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए किया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। कृषि उपनिदेशक डॉक्टर विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार को जनपद के 109 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती फार्मर रजिस्ट्री सहित सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।शासन एवं कृषि विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/ किसान पाठशाला की योजना के अंतर्गत शनिवार को जनपद के 109 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशाला आयोजित किया गया। इसी क्रम में विकासखंड शिवपुर की ग्राम पंचायत ललुही में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/ किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए राम प्रकाश मौर्य किसान पाठशाला आयोजन प्रभारी राहुल वर्मा क्षेत्रीय प्रबंधक इफको के प्रतिनिधि सर्वेश द्विवेदी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि रक्षा सुरेश बाबू, प्रगतिशील किसान महेंद्र प्रताप सिंह तथा सैकड़ो किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद के किसानों की आय वृद्धि के लिए किसानों को कृषि विभाग एवं एलाइड विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी जा रही है। श्री वर्मा ने उपस्थित किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई । कृषकों को कृषक उत्पादक संगठन एफपीओ बनाकर तथा अधिक से अधिक किसानों को जोड़कर फसल उत्पादन करने तथा उनका वैल्यू एडिशन कर कर सीधे बाजार में विक्रय आदि की जानकारी प्रदान की गई।इसको के क्षेत्रीय प्रबंधक के प्रतिनिधि सर्वेश द्विवेदी ने नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी का फसलों में उपयोग कर उर्वरकों पर होने वाले व्यय की बचत करने की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित प्रगतिशील कृषक महेंद्र प्रताप सिंह किसानों को प्राकृतिक खेती करने के तरीके बताएं तथा यह भी बताया कि किस तरह हर व्यक्ति रासायनिक उर्वरकों से उत्पादित अन्य खाकर दवाइयां पर अधिक बेकार रहा है। महेंद्र सिंह ने किसानों से अपील की की वह प्राकृतिक खेती करें जिससे भूमि तथा पर्यावरण सुरक्षित हो सके। उन्होंने किसानों को बताया कि मेरे द्वारा कृषि विभाग की नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती की जा रही है तथा मेरे द्वारा प्राकृतिक तरीके से उत्पाद का उपयोग अपने परिवार में किया जा रहा है आप भी प्राकृतिक खेती कर आय वृद्धि के साथ-साथ शुद्ध खाद्यान्न का उपयोग करें इससे बीमारियां नहीं होगी तथा आदमी स्वस्थ रहेगा धरती भी बंजर होने से बचेगी। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ए राम प्रकाश मौर्य ने बताया कि जनपद के विकासखंड शिवपुर में प्राकृतिक खेती के 8 क्लस्टर बनाए गए हैं तथा प्रत्येक कलेक्टर में 125 125 किसानों को जोड़ा गया है। पाठशाला प्रभारी राहुल वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक अपनी-अपनी फसलों का बीमा नजदीकी जन सेवा केंद्र पर अभिलेखों के साथ जाकर करा सकते हैं। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि रक्षा श्री सुरेश बाबू ने किसानों आईपीएम के बारे में जानकारी दी गई तथा किसानों से आईपीएम अपनाने की सलाह दी।

# रूपईडीहा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक, जनपद बहराइच के निदेर्शानुसार अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के निर्देशन में ये कार्यवाही किया गया है। उन्होंने बताया कि मेरे नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवानंद सिसोदिया मय पुलिस टीम द्वारा थाना नानपारा में पंजीकृत मुकदमा पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रिंकू निषाद पुत्र स्व. आशाराम, निवासी वितनिया, दा0 लखैय्या, थाना नानपारा, जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर केवलपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त फरार होने की फिराक में था। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय सदर, बहराइच के समक्ष पेशी हेतु रवाना कर दिया गया है।




# मिशन शक्ति टीम की जागरूकता से बदल रही महिलाओ की सोंच

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। मिशन शक्ति फेज पांच के अंतर्गत थाना रूपईडीहा की मिशन शक्ति टीम ने कस्बा रूपईडीहा में महिलाओं एवं बच्चों को शासन-प्रशासन द्वारा दिए गये आदेशो-निदेर्शों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजना के बारे में अवगत कराया और बालिकाओं से उनकी समस्याओं को सुनकर उसका समाधान भी बताते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 107,112,181, 108 आदि व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, मानव तस्करी,बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाते हुए पंपलेट चस्पा किया गया। मिशन शक्ति टीम में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीनानाथ सागर, उपनिरीक्षक सूर्यभान, का0 अतुल पांडेय, म0का0 प्रिया पांडेय उपस्थिति रहे।

# आमजन को राहत प्रदान कर रहे हैं पंचातय भवन एवं अन्त्येष्टि स्थल

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। पंचायत राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनार्न्तगत निर्मित पंचातय भवन तथा अन्त्येष्टि स्थल निर्माण योजना अन्तर्गत निर्मित अन्त्येष्टि स्थल ग्रामवासियों को हर स्तर पर राहत प्रदान कर रहे हैं। अन्त्येष्टि स्थल निर्माण योजना की बात की जाय तो जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल न होने के कारण अन्तिम संस्कार की समस्या थी। बरसात के दिनों में रास्ता बंद हो जाता था, लकड़ी और पानी की व्यवस्था नहीं होती थी, जिस कारण ग्रामवासियों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले लोगों को अत्यधिक समस्याओं को सामना करना पड़ता था। खुले स्थानों (खेत-खलिहान) में अंतिम संस्कार से होने वाले प्रदूषण और असुविधा (बारिश/गर्मी) को रोकने और सम्मानजनक व्यवस्था हेतु ग्राम पंचायतों में प्रति इकाई रू. 24.36 लाख की लागत से कुल 67 अन्त्येष्टि स्थल जिला योजना अर्न्तगत निर्माण कराया गया है एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 18 अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य प्रारम्भ है। अन्त्येष्टि स्थल बन जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों अन्त्येष्टि संस्कार साफ-सुथरा, व्यवस्थित और सम्मानजनक स्थान बन चुका है। इसी प्रकार ग्राम पंचायतो में पंचायत भवन निर्माण न होने के कारण ग्राम पंचायत की बैठकों और सरकारी कार्यों के लिए उपयुक्त जगह नहीं थी। पुराने कमरे में न तो पर्याप्त जगह थी और न ही बैठने-खड़े होने की व्यवस्था। रिकॉर्ड भी सुरक्षित नहीं रह पाता था। जिस कारण ग्रामवासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनार्न्तगत ग्राम पंचायतों में रू. 17.46 लाख प्रति इकाई की लागत से पंचायत भवन का निर्माण कराया गया जिसके उपरान्त ग्रामवासियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत सचिवालय से दिया जा रहा है। जिससे अब ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ता है।



# मासूम बच्ची को खाने वाला भेड़िया मारा गया, 13 घंटे में हुआ ढेर

**मां के बगल से उठा ले गया था मासूम बच्ची, डेढ़ किमी दूर मिली थी हड्डियां**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज इलाके में एक आदमखोर भेड़िए को 13 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद मार गिराया गया। इस भेड़िए ने शनिवार भोर में एक साल की मासूम बच्ची को उसकी मां के बगल से उठा लिया था। बच्ची के शरीर के कुछ अवशेष डेढ़ किलोमीटर दूर मिले थे। भेड़िए को शनिवार शाम लगभग 3 बजे घटना स्थल से 8 किलोमीटर दूर नदी किनारे फुश के जंगल में वन विभाग के शूटरों ने ढेर कर दिया। यह कार्रवाई कैसरगंज के सीओ और एसडीएम की मौजूदगी में सर्च ऑपरेशन के दौरान की गई। इस दौरान डीएफओ राम सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, रेंजर ओंकार यादव और वन कर्मी भी मौजूद रहे। घटना शनिवार भोर की है। कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गोडहिया नंबर 4 के मजरा जरूवा निवासी राम कुमार की एक साल की बेटी आरवी अपनी मां राम कुमारी के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। देर रात लगभग 3 बजे एक भेड़िए ने मासूम पर हमला कर उसे अपने जबड़े में दबोच लिया। बच्ची की चीख सुनकर मां राम कुमारी जागी और शोर मचाया। ग्रामीण और वन विभाग की टीम तुरंत भेड़िए का पीछा करने लगी, लेकिन तब तक वह गन्ने के खेतों की ओर भाग निकला। बाद में बच्ची के शरीर के कुछ अवशेष मिले, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए बहराइच भेजा गया था।

# डीएम अक्षय त्रिपाठी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रियात्मक कार्यवाही को संशोधित तिथि 26 दिसम्बर तक पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गणना प्रपत्रों के वितरण एवं भरे हुए प्रपत्रों के संकलन में बूथ लेबिल एजेन्टों की ओर से प्राप्त हुए सहयोग के लिए राजनैतिक दलों का आभार ज्ञापित किया। डीएम ने समय अवधि में हुए विस्तार के दौरान हमें हाथ पर हाथ रखकर बैठना नहीं है बल्कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए हमें नो मैपिंग व अनकलेक्टिव प्रपत्रों की संख्या को न्यून से न्यूनतम करना है। डीएम ने राजनैतिक दलों से अपेक्षा की कि बूथवार तैनात किये गये बूथ लेबिल एजेन्टों को पूरी तरह से सक्रिय रखें ताकि बूथ लेबिल अधिकारी उनके सहयोग से नो मैपिंग व अनकलेक्टिव प्रपत्रों से सम्बन्धित मतदाताओं तक पहुंच सके। डीएम ने कहा कि स्थानीय लोगों के बारे में बेहतर जानकारी रखने के कारण प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलए की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। डीएम ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि आमजन को इस बात के लिए जागरूक करें कि 26 दिसम्बर से पूर्व नो मैपिंग व अनकलेक्टिव प्रपत्रों से सम्बन्धित मतदाता बूथ लेबिल अधिकारियों से सम्पर्क कर प्रपत्र को दुरूस्त करा लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमजा शफीक, भारतीय जनता पार्टी से श्रवण कुमार शुक्ला, बहुजन समाज पार्टी से अजय कुमार गौतम, समाजवादी पार्टी से जफर उल्लाह खां बन्टी व अपना दल से अरविन्द कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा के आठवें दिन पहुंचे ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज/बहराइच।

नकौड़ी शाहपुर स्थित ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर आयोजित नवदिवसीय श्रीराम कथा के आठवें दिन ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन के आगमन से पूरा परिसर श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण से भर उठा। आठवें दिन कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अन्य दिनों की तुलना में अधिक देखने को मिली ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन शिवम्‍ सिंह एडवोकेट अपने टीम के साथ कथा स्थल पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर पूजा-अर्चना कर संतजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत वे कथा पंडाल पहुंचे, जहां अवध धाम के प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य मार्कण्डे जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का भावपूर्ण प्रवचन किया जा रहा था। ब्लॉक प्रमुख ने आचार्य जी को प्रणाम कर कथा का श्रवण किया। आचार्य मार्कण्डे जी महाराज ने ब्लॉक प्रमुख के आगमन को शुभ बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य तथा जनसेवा में निरंतर प्रगति की कामना की। इस दौरान पंडाल में जय श्रीराम व हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। पूरे कार्यक्रम की भव्य व्यवस्था अयोध्या के शिवम् दास जी महाराज के निर्देशन में की जा रही है। बतौर मुख्य आयोजक शिवम् दास जी मंच व्यवस्था, प्रवचन क्रम, सजावट, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा अन्य व्यवस्थाओं की सतत निगरानी कर रहे हैं। कथा के अंतिम दिन विधि-विधान से श्रीराम कथा का भव्य समापन किया जाएगा। समापन अवसर पर हवन-पूजन का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने आयोजक शिवम् दास जी एवं उनकी पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



# कूड़ा उठाने गए सफाई कर्मियों से दबंगो ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कूड़ा कलेक्शन कर रहे सफाईकर्मियों पर दबंगों ने हमला कर दिया। यह घटना नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 स्थित तालिब सराय मोहल्ले की है, जहां सुबह सफाई कार्य के दौरान स्थानीय युवकों और सफाईकर्मियों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया।पीड़ित सफाईकर्मी सोनिलाल, कमलेश और राहुल ने सदर कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वे कूड़ा गाड़ी से सफाई कर रहे थे, तभी फैजी और जुबैर सहित 4-5 अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया और लाठी-डंडों से जमकर पीटा। तहरीर के अनुसार, हमलावरों ने कूड़ा गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया और जातिसूचक गालियां दीं। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे सफाईकर्मियों में दहशत फैल गई ।मारपीट की सूचना मिलते ही अन्य सफाईकर्मी भी मौके पर पहुंचे और आरोपियों की दबंगई पर नाराजगी जताई। सभी ने सामूहिक रूप से सदर कोतवाली जाकर कार्रवाई की मांग की। सफाईकर्मियों ने बताया कि उन्हें अक्सर ऐसी धमकियों और मारपीट का सामना करना पड़ता है, और यह पहली घटना नहीं है। सफाईकर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे काम रोककर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विद्युत शुल्क जमा करने के बाद भी उपभोक्ता का नहीं हुआ कनेक्शन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिजली विभाग द्वारा लोगो को सुविधाएं देने हेतु कई अभियान चलाए जा रहे जिसमे विधुत बिल बकाया छूट, नए कंनेक्शन, ऋण माफी आदि योजनाएं जगह जगह कैम्प लगाए जा रहे है लेकिन दूसरी तरफ गलत मीटर रीडिंग ,नए कनेक्शन न दिए जाने से उपभोक्ता परेशान नजर आते है। ऐसा ही एक मामला भगवंतनगर कस्बे का है जहाँ शिकायतकर्ता शिवचरन पुत्र अलोपी प्रसाद निवासी पतारी ने बताया कि उसने रोड पर बनी दुकान में बिजली कनेक्शन हेतु 05 जून को 35300 जमा किया था लेकिन 6 माह बीत जाने बाद भी कनेक्शन नही दिया गया। वह कई बार बिजली विभाग के चक्कर लगा चुका है। इस बारे में जब भगवंतनगर फीडर के जेई दीपक श्रीवास्तव से बात की गई उन्होंने बताया कनेक्शन की सारी समान ठेकेदार को 1 महीना पूर्व सौंप दी गयी थी अभी तक कार्य क्यो नही किया गया देखता हूँ।

# खाद की किल्लत किसान परेशान ठंड में लाइनों में लगे महिलाएं व पुरुष


अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। साधन सहकारी समितियो इफको खाद केंद्रों खाद की सूचना पाते हैं किसान महिलाएं व पुरुष एक-एक बोरी खाद के लिए ठंड में भोर पहर लाइन में लग जाती हैं तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है इस क्षेत्र में फैक्ट्रियां या अन्य कोई व्यवसाय ना होने के कारण लोग कृषि पर निर्भर अधिकतर क्षेत्र में कृषि कार्य होता है लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है गेहूं धान की फसल मुख्य रूप से पैदा होती है रबी की फसल की बुवाई लगभग समाप्त हो गई है गेहूं फसल की सिंचाई भी प्रथम बार अधिकतर हो गई है किसान खेतों में यूरिया खाद डालने के लिए साधन सहकारी समितियो इफको खाद केंद्रों में जैसे ही किसानों को पता चलती है कि खाद आ गई है वैसे ही किसान अपना आधार कार्ड खतौनी लेकर सुबह से ही ठंड में महिलाएं व पुरुष लाइन में लग जाते हैं एक-एक बोरी पाने के लिए लाइन में ऐसे लगते हैं कि मानो वह खाद पैसे से नहीं फ्री में बट रही है वहीं प्राइवेट दुकानों में खाद का स्टॉक लगा हुआ है जो अधिक पैसे लेकर खाद बेच रहे हैं प्राइवेट खाद केदो में कहां से खाद आ रही है जन प्रतिनिधियों के पास समय किसानों किसी समस्या के लिए कोई भी समय नहीं है भाषणों में अच्छी अच्छी बातें बताते हैं जिससे किसान की आए मानो दो गुना नहीं 5 गुना एक ही वर्ष में बढ़ जाए हकीकत में कुछ नहीं किसानों को सही समय खाद मिल जाए तो किसानों को खेती करने में दिक्कतें पैदा न हो और किसान शहर की ओर पलायन करने से बच सके।

# 5.10 लाख मतदाताओं के कटेंगे नाम

## विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम 100% पूरा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस प्रक्रिया के तहत जिले में कुल 5 लाख 10 हजार मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे। इन मतदाताओं में मृत, स्थानांतरित (शिफ्टेड), डुप्लीकेट और अनुपस्थित (एब्सेंट) मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाना है। एसआईआर के रडार पर प्रतापगढ़ के लगभग 7 लाख मतदाता थे। इनमें से 1 लाख 63 हजार मतदाता 'नो मैपिंग जोन' में पाए गए हैं। इन मतदाताओं को नोटिस जारी कर चुनाव आयोग द्वारा मान्य दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा। यदि 'नो मैपिंग जोन' के मतदाता आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो उनके नाम भी मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। एसआईआर के दौरान सामने आए आंकड़ों के अनुसार, 49 हजार मतदाता डुप्लीकेट पाए गए हैं, जबकि 89 हजार मतदाताओं की मृत्यु की पुष्टि हुई है। इसके अतिरिक्त, 2 लाख 26 हजार मतदाताओं को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है और 1 लाख 28 हजार मतदाता अनुपस्थित या लापता पाए गए हैं। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि एसआईआर के बाद कुल 5 लाख 10 हजार मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 'नो मैपिंग जोन' के मतदाताओं को नोटिस देकर दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ही उनके नाम सूची में बरकरार रहेंगे। प्रतापगढ़ में कुल 25,25,130 मतदाता हैं, जिनमें से 20,15,316 मतदाताओं का सत्यापन हो चुका है और उनके नाम डिजिटाइज्ड किए गए हैं।

## संक्षेप

### 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

#### पैर में गोली लगने से घायल, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

बागपत , पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश कलीराम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। शामली निवासी कलीराम बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में हुई लूट के एक मामले में वांछित था। पुलिस की गोली लगने से उसके पैर में चोट आई है, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मुठभेड़ खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में बड़ागांव के समीप ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। घेराबंदी के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की। जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में कलीराम को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बागपत पुलिस अधीक्षक ने कलीराम की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। बागपत पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि लूट के मामले में वांछित चल रहे कलीराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पैर में गोली लगी है और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खेकड़ा कोतवाली में इस संबंध में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### चीनी मिल्स के प्रदूषित पानी पर ग्रामीणों की बैठक

#### बागपत में समाधान न होने पर महापंचायत बुलाने का निर्णय, आंदोलन की चेतावनी


बागपत , लोयन मलकपुर गांव में मलकपुर चीनी मिल से निकलने वाले दूषित पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में यह निर्णय लिया गया कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है, तो एक महापंचायत बुलाई जाएगी और चीनी मिल के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि चीनी मिल से निकलने वाले दूषित पानी के नाले से लगातार दुर्गंध आती है, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस प्रदूषित पानी के कारण गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। इसके अलावा, हैंडपंपों का पानी भी दूषित होने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या के समाधान के लिए पहले भी कई बार धरने-प्रदर्शन किए गए हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत में चीनी मिल के खिलाफ एक व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाने पर भी जोर दिया गया। इस मुद्दे पर एशिया चैंपियन सुभाष पहलवान ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे इसी नाले में खड़े होकर जल समाधि लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन की रूपरेखा का हिस्सा होगा। इस दौरान पंचायत में दीपक तोमर, समाजसेवी अश्वनी कुमार, टिनु प्रधान, निशांत तोमर, विक्रांत तोमर, छपरौली चेयरमैन धर्मेंद्र खोखर, अर्जुन तोमर, राजीव तोमर, विजय हिंदुस्तानी, रमेश चौधरी, धर्मपाल सिंह, अंकुश हिलवाड़ी, सौरभ तोमर और विक्रांत चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा हुक्काबार

## 5 दिन पहले मारपीट, अब हुक्का पिलाने का वीडियो आया सामने

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , सिविल लाइंस में पत्रिका चौराहे के पास स्थित रेस्टोरेंट एक बार फिर चर्चा में है। पांच दिन पहले इसी रेस्टोरेंट में कर्मचारी से मारपीट, गाली-गलौज, लूट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया था, जबकि अब उसी रेस्टोरेंट के भीतर हुक्का पिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो करीब 22 सेकेंड का बताया जा रहा है, जिसमें रेस्टोरेंट के भीतर एक युवक बैठकर हुक्का पीता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद रेस्टोरेंट की गतिविधियों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।



### 9 दिसंबर को कर्मचारी ने दर्ज कराई थी एफआईआर

रेस्टोरेंट के कर्मचारी अखिल चौधरी ने 9 दिसंबर को सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई एफआईआर में आरोप लगाया था कि शांतिपुरम निवासी एक युवक अपने 10 से 11 साथियों संग लगातार तीन दिनों तक रेस्टोरेंट में आकर गाली-गलौज और मारपीट करता रहा। 5, 6 और 7 दिसंबर को यह युवक रेस्टोरेंट में आए और उससे मारपीट गालीगलौज की। पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। सोने की चेन और नकदी लूट ली।

### हुक्का सर्व कराने को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पांच दिन पहले रेस्टोरेंट में हुआ विवाद हुक्का सर्व कराने को लेकर ही शुरू हुआ था। कर्मचारियों द्वारा हुक्का देने से इनकार करने पर हंगामा हुआ, जो बाद में मारपीट और धमकी में बदल गया। अब वायरल हुआ वीडियो इस आशंका को और मजबूत करता है कि रेस्टोरेंट में चोरी-छिपे हुक्का परोसा जा रहा था।

### हुक्का बार संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित

बता दें कि रेस्टोरेंट और कैफे में हुक्का बार का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद रेस्टोरेंट की आड़ में अवैध रूप से हुक्का परोसने के मामले सामने आते रहे हैं। सिविल लाइंस पुलिस इससे पहले भी कई रेस्टोरेंट में छापा मारकर अवैध हुक्का बार पकड़ चुकी है। इन मामलों में संचालकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए और गिरफ्तारियां भी की गईं। हुक्का पिलाने का वीडियो वायरल होने के बाद अब सिविल लाइंस पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# भूमाफिया का बड़ा खेल, सरकारी जमीन बेची

## 1984 से गायब दस्तावेज, शत्रु संपत्ति समेत तीन बीघा 11 बिस्वा जमीन पर माफिया का कब्जा

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , मऊआइमा नगर पंचायत के मुस्तफाबाद में भूमाफिया ने सरकारी जमीन पर कब्जा जमाकर फर्जी दस्तावेज बनाए और तीन बीघा 11 बिस्वा जमीन बेच दी। 1984 से गायब दस्तावेजों का मामला जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से खुला। पुलिस ने अब तक ऋकफ दर्ज नहीं की। खसरा नंबर 4712/1 में आने वाली तीन बीघा 11 बिस्वा सरकारी जमीन और इसी गाटे के 4712/2 में 10 बिस्वा शत्रु संपत्ति पर माफिया ने हाथ साफ कर दिया। शत्रु संपत्ति वाला हिस्सा पाकिस्तान चले गए नागरिक ने बेचा था। अच्छी लोकेशन वाली इस जमीन को 1984 में दस्तावेज गायब कर बेच दिया गया। क्षेत्र भूमाफिया का गढ़ होने से कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दिनों




मामला डीएम मनीष कुमार वर्मा तक पहुंचा। उन्होंने एसडीएम सोरांव ज्ञानेंद्र सिंह को नए दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए। लेखपाल राज कुमार सागर ने पुराने नक्शे से पैमाइश कराई, तो कब्जे का खुलासा हुआ। लेखपाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने ऋकफ नहीं दर्ज की। तहसीलदार ने भी पत्र लिखा, सहायक पुलिस आयुक्त ने डीसीपी गंगानगर को मुकदमा दर्ज करने की अनुमति मांगी, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। शत्रु संपत्ति वाले 10 बिस्वा पर 10 लोगों के खिलाफ नामजद ऋकफ हो चुकी है, लेकिन बाकी सरकारी जमीन के मामले में पुलिस चुप है। एसडीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा दो मामलों में मुकदमा दर्ज हो चुका। बाकी पर पत्राचार चल रहा है।

# एस आई आर के तहत अधिकारियों ने बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक



अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ के साथ बैठक कर अधिकारियों ने समीक्षा की बैठक कार्यक्रम अंतर्गत पहुंचे न्यायिक उप जिलाधिकारी प्रदीप रमन नायब तहसीलदार सुशील सिंह आदि ने बैठक करते हुए डिजिटलाइजेशन के पश्चात अग्रिम कार्यवाही के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए वहीं कार्यक्रम अंतर्गत अति वरिष्ठ बुजुर्ग मतदाताओं की समीक्षा करने के लिए भी निर्देशित किया इस मौके पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग के सीडीपीओ अजय सिंह खंड शिक्षा अधिकारी अमौली श्रवण कुमार पाल ऐडियो पंचायत मुन्नालाल बीएलओ सत्येंद्र सरोज मधु वर्मा सरिता शांति ऊषा आनंद देवी रीता सविता देवी सुमन सरल स्नेहा प्रियंका ममता बेबी गुप्ता मनोरमा संदीप कुमार रामकुमार अनुज दुबे तथा प्रशांत पाण्डेय आदि बड़ी संख्या में बीएलओ मौजूद रहे

# पार्क में गंदगी, पेड़ कटान पर पूर्व जिलाध्यक्ष का हंगामा

## पालिका कर्मचारियों को फटकारा, अधिकारियों ने शुरू कराई सफाई

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर , हरी एन्क्लेव कॉलोनी स्थित पार्क की बदहाली और कथित हरे पेड़ों की कटान को लेकर हंगामा हो गया। पार्क के सामने रहने वाले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर फटकार लगाई। इस दौरान लंबे समय से उपेक्षित पार्क की स्थिति देखने के लिए आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों और पूर्व जिलाध्यक्ष के अनुसार, लगभग एक साल पहले पार्क में ट्यूबवेल लगाया गया था। हालांकि, काम पूरा होने के बाद ठेकेदारों ने वहां जमा रेता, मलबा और पाइपलाइन के अवशेष नहीं हटाए। इसके



परिणामस्वरूप, पार्क गड्ढों और मलबे से भर गया है। घास पूरी तरह खराब हो चुकी है, और पेड़-पौधों का रखरखाव महीनों से नहीं किया गया है। बच्चों के खेलने के लिए भी कोई सुविधा नहीं बची है। लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार पालिका से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने हरे पेड़ों की कटान पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्क के अंदर कुछ हरे पेड़ काटे गए हैं, जिससे स्थानीय पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। सिसोदिया ने मौके पर मौजूद पालिका कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के पैसे से बने पार्क को इस तरह बर्बाद करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हाई-टेक निगरानी ने खोला राज

- युवक अश्लील पोस्टर चिपकाते कैमरों में कैद, पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज की

संवाददाता अमन लेखनी समाचार

मेरठ, कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित सैनिक विहार कॉलोनी में एक युवक को देर रात घरों के बाहर अश्लील और आपत्तिजनक पोस्टर चिपकाते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद किया गया है। हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों की फुटेज सामने आने और वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। पीड़ित परिवारों के अनुसार, युवक ने कॉलोनी की महिलाओं को निशाना बनाते हुए अभद्र भाषा और आपत्तिजनक सामग्री वाले पोस्टर कई घरों के बाहर चिपकाए। यह घटना देर रात हुई, लेकिन कॉलोनी में हाल ही में लगाए गए स्मार्ट सर्विलांस कैमरों ने उसकी पूरी हरकत रिकॉर्ड कर ली। कंकरखेड़ा पुलिस डिजिटल फुटेज की मदद से संदिग्ध की पहचान करने में जुटी है। पुलिस की टेक्निकल सेल फुटेज को एन्हांस कर आरोपी का चेहरा पहचानने की प्रक्रिया अपना रही है, ताकि उसे जल्द से जल्द ट्रेस किया जा सके स्थानीय निवासियों ने इस घटना के बाद कॉलोनी में दहशत और



असुरक्षा की भावना बढ़ने की बात कही है। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रेड लाइट पर दो कारें टकराई

## ड्राइवरों को गाड़ी से निकालकर पहुंचाया अस्पताल, क्रेन की मदद से कारों को हटाया

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर-70 की रेड लाइट पर सड़क हादसा हो गया। हादसे मे दोनों कार के ड्राइवरों को चोट लगी है। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दोनों को खतरे से बाहर बताया है। वहीं मौके से क्षतिग्रस्त कारों को हटाया गया। जिसके बाद यातायात को सुचारु रूप से चलाया गया। इसके वीडियो भी सामने आए है। पुलिस ने बताया कि दोपहर को थाना फेस-3 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-70 की रेड लाइट पर दो गाड़ी पहली यूपी 16 एफई 2741 और यूपी 16 जीटी 0422 का आपस में एक्सीडेंट हो गया। जिसमें दोनों गाड़ियों के चालक मोनू यादव पुत्र ऋषि पाल जिला इटावा उम्र 20 साल और दूसरा अमरेश पाल सिंह पुत्र पृथ्वीराज सिंह निवासी एटा उम्र 44 साल को गंभीर चोट लगी। मौके पर



पहुंची पुलिस ने दोनों चालकों को कार से निकाला और स्ट्रैचर की मदद से एम्बुलेंस तक पहुंचाया। वहां से दोनों को अस्पताल लेकर गए। बताया गया कि रेड लाइट होने के बाद भी कार चालकों ने तेजी से गाड़ी चलाई जिससे दोनों कार आपस में टकरा गई। घटना के मौके पर भरी भीड़ जमा हो गई। साथ ही जाम की स्थिति बन गई। मौके से गाड़ियों को क्रेन की मदद से हटाया गया। जिसके बाद यातायात खोला गया।

# 10 लाख चाहिए, वरना इतनी गोली मारेंगे

## मेरठ में स्कूल संचालक से मांगी रंगदारी, ईमेल से भेजे हथियार के फोटो

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , स्कूल संचालक से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। उन्हें धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इसमें कहा- प्रिंसिपल साहब बहुत पैसे कमा लिए, अब थोड़ा दान करने की बारी है। दस लाख रुपए चाहिए तेरे से, नहीं तो इतनी गोली मारेंगे, समझ में आए जाएगा तेरे। आरोपियों ने मेल में ऑडियो के अलावा हथियारों के फोटोज भी भेजे। वहीं, जिस अकाउंट में पैसे की डिमांड की गई वो कर्नाटक के बैंक का बताया जा रहा। स्कूल संचालक कंवल जीत सिंह राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव हैं। वह कई संस्थाओं से भी जुड़े हैं शास्त्री नगर के जी ब्लॉक में कंवल जीत सिंह का 'द गुरुकुलम इंटरनेशनल' स्कूल है। उन्होंने पुलिस को बताया- मैं शाम को



अपना ईमेल चेक कर रहा था। तभी एक अनजान आईडी से आए लिंक को खोला। उस लिंक में हथियारों के कुछ फोटो के अलावा एक ऑडियो क्लिप थी। बदमाशों ने इस ऑडियो क्लिप के माध्यम से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। सुबह 9:57 से 10:00 के बीच मुझे इसी आईडी से तीन ईमेल दिखाई दिए। पहला रंगदारी से जुड़ा था, जिसमें 10 लाख रुपए मांगे गए। दूसरे में हिंदी में लिखा धमकी भरा पत्र। जबकि, तीसरी ईमेल में एक ऑडियो क्लिप और हथियारों के कुछ फोटो थे। प्रिंसिपल साहब बहुत पैसे कमा लिए, अब थोड़ा दान करने की बारी है। दस लाख रुपए चाहिए तेरे से, नहीं तो इतनी गोली मारेंगे, समझ में तेरे। आवे नहीं, हमने तेरी सारी जन्मकुंडली निकलवा ली है। तूने बहुत पैसे कमा लिए अब चुपचाप पैसे दे देना, नहीं तो इस दुनिया से जाते रहोगे। पैसे नहीं मिलने पर हमारी गोली तेरा इंतजार कर रही है। पुलिस में जाने की कोशिश करोगे तो ट्रेलर जल्दी दिखा देते। सोच लेना क्या करना है तेरे को।

### प्रोफेशनल बदमाशों की तरह किया व्यवहार

कवल जीत सिंह को भेजे गए ईमेल की खास बात यह है कि इसे सिस्टेमैटिक तरीके से भेजा गया है। हालांकि, धमकी भरे हिंदी के लेटर में ढेरों गलतियां हैं।

# मौसम बदलने का अनुमान

## बादल छाए रहने के साथ तापमान में भी आएगी गिरावट

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,सुबह न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान३ 25 डिग्री तक पहुंचाने का अनुमान है, आज तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा से है। अदक 310 दर्ज किया गया। रात में सर्द चलने से सर्द मौसम रहा। हल्की धूप करने से दिन में मौसम साफ रहने का अनुमान है मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर से गाजियाबाद और आसपास के जिलों में बादल छाए रहने का अनुमान जताया गया है। सर्द हवा बढ़ा रहीं रात में ठिठरन सर्द हवा रात में लगातार ठिठुरन बढ़ा रही हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 12 किमी प्रति घंटे के आसपास हवा रात में सर्द हो जाती हैं। उत्तराखंड में पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बर्फवारी हो रही है, जिससे वेस्ट यूपी और दिल्ली तक मौसम में बदलाव आता है। दिसंबर से मौसम में परिवर्तन होने की संभावना जताई जा रही है। आज सुबह से फिर प्रदूषण बढ़ा आज सुबह से फिर प्रदूषण बढ़ा है। जिससे फिर हवा जहरीली हुई है। यूपी में गाजियाबाद का एक्यूआई 310 अ और मुजफफरनगर का एक्यूआई 332 के साथ सबसे स्थिति सबसे अधिक बिगड़ी है। मेरठ, बागपत और नोएडा की हवा में हल्का सुधार हुआ है।



# सड़क निर्माण के ट्रायल पेज पर सवाल

## खामियां मिलने पर ठेकेदार को नोटिस, पेज हटाया गया

अमन लेखनी समाचार

बागपत , फैजपुर निनाना मार्ग पर 18 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क के ट्रायल पेज की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने खामियां मिलने के बाद ठेकेदार को नोटिस जारी किया है और ट्रायल पेज को हटा दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सड़क निर्माण से पहले एक 'ट्रायल पेज' तैयार किया जाता है, जो सड़क के आधार के रूप में कार्य करता है। इसकी गुणवत्ता सही पाए जाने के बाद ही लगभग 7 से 15 दिनों के भीतर मुख्य सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाता है। ग्रामीणों द्वारा ट्रायल पेज की गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पाया कि ट्रायल पेज में खामियां थीं, जिसके बाद इसे हटा दिया गया। अब सड़क का निर्माण कार्य नए



सिरे से शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अतुल कुमार ने बताया कि मौसम खराब होने और मशीनों में तकनीकी कमी के कारण ट्रायल पेज को हटाना पड़ा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य दोबारा शुरू किया जाएगा।

# एनआरआई को ठगने वाले नोएडा में छह गिरफ्तार

## ओटीटी पर सब्सक्रिप्शन के नाम पर लेते थे 300 डॉलर, बिना लाइसेंस करते थे कैप्चर

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , विदेश में रह रहे एनआरआई लोगों को ऑनलाइन प्लेट फार्म के जरिए भारतीय, पाकिस्तानी व अन्य देशों के ओटीटी प्लेटफार्म का सब्सक्रिप्शन देने के नाम पर ठगी करने वाले छ लोगों को गिरफ्तार किया है। ये हूबहू ओटीटी प्लेटफार्म के कंटेंट को कॉपी करके कम दाम पर सब्सक्रिप्शन देते और बार बार बंद कर देते थे। ऑन करवाने के लिए बार बार पैसों की डिमांड की जाती थी। हर सब्सक्रिप्शन पर ये लोग 100 डॉलर से 300 डॉलर तक लेते है। इन लोगों ने थाना फेज-1 एरिया में वेब बिज सर्विस एलएलसी नाम की कंपनी चला रखी थी। डेटा मिलने पर ये लोग इंटरनेट कॉल के जरिए एनआरआई से संपर्क करते है। जिसके बाद ओटीटी प्लेटफार्म पर चैनल उपलब्ध करा रहे थे। इनके नाम तनिष्का , अनिल बघेल, मनीष कुमार त्रिपाठी, गौरव, राधा बल्लभ और




योगेश बघेल है। इन सभी की उम्र करीब 20 से 30 साल की है। इनके पास से 20 मोबाइल फोन, 5 सीपीयू, 5 कंप्यूटर मॉनिटर, एक लैपटॉप, 6 कीबोर्ड आदि बरामद किया गया है।

### इन ओटीटी प्लेटफार्म का कराते थे सब्सक्रिप्शन

नेटफ्लिक्स, डिजनी प्लस हॉट स्टार, अमेजन, प्राइम , जी-5, वूट सलेक्ट, सोनी लिव, एलटी बालाजी, एमएक्स प्लेयर, जियो सिनेमा, एचबीओ , हूलू, मूवी ऑन डिमांड जिसमें रिसेंट रिलीज होने वाली मूवी शामिल है। इन सभी के कंटेंट को बिना किसी लाइसेंस के कैप्चर करते है और उसकी कॉपी को प्रसारित करते है। ये देखने में बिल्कुल वैद्य लगता है।

# ओशो भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परम्परा का उज्ज्वल नक्षत्र हैं

### रहस्यदर्शी ओशो के जन्मदिवस पर सोन संगम की विचारगोष्ठी

अमन लेखनी समाचार



शक्तिनगर, सोनभद्र। साहित्यिक, सामाजिक संस्था सोन संगम के तत्वावधान में, प्रख्यात रहस्यदर्शी ओशो के जन्मदिवस के अवसर पर एनटीपीसी कॉलोनी परिसर, शक्तिनगर में 11 दिसम्बर, रविवार की शाम एक विचारगोष्ठी का आयोजन नरेन्द्र भूषण शुक्ल, प्राचार्य, विवेकानन्द वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अध्यक्षता एवं राजनाथ दुबे, वरिष्ठ प्रबन्धक, एनसीएल दुधीचुआ के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ ओशो के प्रवचनांशों के श्रवण एवं ध्यान से हुआ। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन सोन संगम के सचिव डॉ0 मानिक चन्द पाण्डेय ने किया।विचारगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजनाथ दुबे ने कहा कि ओशो का मार्ग उत्सव एवं उल्लास का मार्ग है। उन्होंने विश्व की सभी आध्यात्मिक परम्पराओं की पुनर्व्याख्या करते हुए उन्हें वर्तमान के लिए प्रासंगिक बनाया। अध्यक्षता कर रहे नरेन्द्र भूषण शुक्ल ने ओशो को भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परम्परा का उज्ज्वल नक्षत्र निरूपित किया। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्राध्यापक डॉ0 छोटेलाल जायसवाल ने ओशो को नये मनुष्य का प्रस्तोता बताया। डॉ0 मानिक चन्द पाण्डेय ने कहा कि ओशो ने धार्मिक पाखण्ड का पूरे साहस से प्रतिकार किया। डॉ0 योगेन्द्र मिश्र ने कहा कि ओशो भगवान बुद्ध के बाद ध्यान के सबसे बड़े ध्यान आन्दोलन हैं। वाराणसी से ऑनलाइन जुड़े कौशलेश द्विवेदी ने ओशो को सरल, सहज अध्यात्म का पथ प्रदर्शक बताया। उक्त अवसर पर करुणा, गौतमी, समिधा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सोन संगम के कार्यवाहक अध्यक्ष विजय दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण, कानून व्यवस्था पर विशेष चौकसी का निर्देश



अमन लेखनी समाचार

टड़ियावां। एसपी अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को दोपहर बाद थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित मामले की समीक्षा की।एसपी मीणा ने कानून व्यवस्था ग्राम प्रहरियों को साइकिल व कम्बल, टॉर्च वितरण देते हुए कहा कि रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन किया। थाना परिसर में शस्त्र व अभिलेखों के रखरखाव व परिसर की साफ सफाई देखी। एसपी श्री मीणा ने पुलिस कर्मियों से कानून व्यवस्था पर चौकसी के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ हरियावां अजीत चौहान व थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, एलआईयू इंस्पेक्टर आदि मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट: दोषी जुल्फिकार उर्फ कल्लू को 20 वर्ष की कठोर कैद

- –50 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- –अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।
- –तीन आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त।
- – करीब तीन वर्ष पूर्व से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कई बार दुष्कर्म कर गर्भवती होने पर गर्भपात कराने का मामला।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। करीब 3 वर्ष पूर्व से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कई बार हुए दुष्कर्म और गर्भवती होने पर गर्भपात कराने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी जुल्फिकार उर्फ कल्लू को 20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। वहीं तीन आरोपियों राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 23 सितंबर 2024 को घोरावल कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह और उसकी पत्नी मजदूरी करने घर से रोज मार्केट चले जाते हैं। उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर जुल्फिकार उर्फ कल्लू पुत्र इजहार निवासी बनौरा, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र हाल पता ग्राम जुडिया, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र करीब 2 वर्ष से शारीरिक संबंध बनाता रहा।जब बेटी गर्भवती हो गई तो 23 सितंबर 2024 को घर से ले जाकर जबरजस्ती गर्भपात करवा दिया। इस तहरीर पर घोरावल कोतवाली पुलिस ने 24 सितंबर 2024 को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या का नाम प्रकाश में आया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने जुल्फिकार उर्फ कल्लू, राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी जुल्फिकार उर्फ कल्लू (20) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। वहीं तीन आरोपियों राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

खास समाचार

## प्लांट से कबाड़ निकाल कर सड़क किनारे कटिंग सुरक्षा मानक की उड़ाई जा रही धज्जियाँ

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसोती गाँव में फारेस्ट चेकपोस्ट के पास प्लांट से कबाड़ निकाल कर कटिंग कराने से लोगों के लिए मुशीबत का सबब बना हुआ है।तथाकथित कबाड़ी द्वारा पाइप कटिंग के दौरान उसके अंदर से निकलने वाला पत्थल राख के ठोस पदार्थ नुकीले लोहे के टुकड़े सड़क पर जहाँ तहाँ फेके जाने से लोगों को आवागमन में भारी कठीनाई उठानी पड़ रही है तो आयेदिन सड़क दुर्घटना बढ़ गयी है।बताया जाता है कि कबाड़ी ने सुरक्षा मानक को ताख पर रख कर कबाड़ कटिंग करा रहा है।मौके पर फायर सेफ्टी अथवा हैंड ग्लब्स सेफ्टिशू हेलमेट आदि का उपयोग नही किया जा रहा है ऐसी स्थिति में आग लगने या किसी चीज में ब्लास्ट होने पर गाँव मे जनधन की हानि होने की संभावना बनी हुई है।सूत्रों पर भरोसा करें तो कबाड़ी प्लांट से कबाड़ के नाम पर चोरी के भी माल पर हाथ साफ करने में लगा हुआ है।बताया जाता है कि प्लांट के नाम पर कबाड़ी ने जंगल मे कबाड़ कटिंग का काम शुरू करा कर क्षेत्र के तमाम नए कबाड़ चोरों को संरक्षण देने में लगा हुआ है जो ग्रामीण क्षेत्र में निमार्णाधीन मकानों घरों को अपना निशाना बनाने में लगे हुए हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र): स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिरसोती में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार व एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सौरभ पुत्र पी.के. तिवारी निवासी नौगढ़, मध्यप्रदेश बीजपुर की ओर से बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सिरसोती में अंजनी कुमार पुत्र दीनदयाल बियार निवासी गोभा, मध्यप्रदेश सड़क पर पैदल जा रहे थे। अचानक सड़क पार करने के प्रयास में वह बाइक की चपेट में आ गए, जिससे दोनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल एनटीपीसी के धन्वंतरि चिकित्सालय पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया गया।'

## रोडवेज बस पर असामाजिक तत्वों ने मारा पत्थर, सवारियों में दहशत



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर ( सोनभद्र )स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत जरहा गांव के अजीर नदी के पास गुरुवार की रात वाराणसी से बीजपुर आ रही रोडवेज बस पर अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा पत्थर मार दिए जाने से अफरा-तफरी मच गई। अचानक हुए इस हमले से बस का सामने का शीशा टूट गया और वाहन को नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि बस चालक आशीषधर दुबे बालझबाल बच गए, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना के बाद चालक व परिचालक ने बस को साइड में रोककर पत्थर फेंकने वालों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वे फरार हो गए।परिचालक अर्मेन्द्र कुमार सिंह ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की हरकत बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। बस में सवार एक सवारी ने बताया कि पत्थर इतनी जोर से शीशे पर लगा कि सभी यात्री दहशत में आ गए थे।

# ग्रामीण पत्रकारों की मान्यता व सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की मान्यता, सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर आज उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर लखनऊ मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह के निर्देशन में और जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू की अगुवाई में तहसील अध्यक्ष सदर द्वारा प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी को सौंपा गया।इस अवसर पर पत्रकारों में प्रमुख रूप से विराट सिंह, प्रवीण सिंह सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती तिवारी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश का पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन है पत्रकारों के लिए उनका हर संभव सहयोग हमेशा रहेगा। वहीं हरदोई जनपद के संडीला में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संडीला विधायक अलका सिंह अर्कवंशी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तहसील अध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार विषम परिस्थितियों में जनहित की पत्रकारिता कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक अपेक्षित सरकारी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ज्ञापन में तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता, जिला व मंडल स्तर पर स्थायी पत्रकार समिति गठन, आयुष्मान कार्ड, रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा, मान्यता व विज्ञापन समितियों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को शामिल करने, लखनऊ स्थित दारुलशफा में निःशुल्क कार्यालय, ग्रामीण पत्रकार आयोग के गठन और पत्रकारों पर प्राथमिकी से पूर्व सक्षम अधिकारी द्वारा जांच की मांग की गई।इस मौके पर डॉ. के.जी. गुप्ता (प्रदेश महासचिव व संरक्षक), वसीम सिद्दीकी, राजेश गुप्ता, सुधीर अवस्थी, अजीत प्रताप सिंह, विवेक मिश्रा (विराट), सुचित द्विवेदी, प्रियदर्शी गुप्ता, सूरज बाबू गुप्ता, चंद्र प्रकाश मौर्य, विमलेश कुमार, करुनेन्द्र तिवारी, अभिषेक वर्मा, शिवम शर्मा, कौशिक चौरसिया, जाहिद अली सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने पत्रकारों को समाज का सच्चा प्रहरी बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# यूनियन की जीत की प्रथम वर्षगांठ पर चोपन में भव्य चेतना रैली का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




चोपन/सोनभद्र - रेल कर्मचारी यूनियन ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन की जीत की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चोपन में चेतना रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान चोपन रेलवे ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष संतोष कुमार दुबे ने यूनियन की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यूनियन की प्रमुख मांगें—पुरानी पेंशन बहाली, रेलवे में निजीकरण पर रोक, जर्जर रेलवे आवासों में सुधार, तथा लालफीताशाही और कर्मचारियों के शोषण को समाप्त करना को लेकर यूनियन निरंतर संघर्षरत है। चेतना रैली के दौरान रेलवे स्टेशन, बुकिंग ऑफिस, विद्युत कार्यालय समेत विभिन्न रेल कार्यस्थलों का भ्रमण किया गया और कर्मचारियों को यूनियन की गतिविधियों की जानकारी दी गई।इस अवसर पर अलारसा के शाखा सचिव जावेद अख्तर, संगठन सचिव रोशन सोनार, शंभू कुशवाहा, रोहित कुमार, आनंद कुमार, सूरज कुमार, मुकेश कुमार, कृष्ण ठाकुर, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों रेल कर्मचारी उपस्थित रहे और यूनियन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम उत्साह, जोश और एकता के साथ संपन्न हुआ।

# प्रेमी को पाने निकली लेकिन फंस गई मझधार में

### सुनीता सिंह गौर ने मिलाया प्रेमी से और विवाह कराया सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली। नेपाल के कपिलवस्तु की रहने वाली रेशमा खातून अपने माता-पिता से रोज रोज की मार पीट से दुखी होकर अपने प्रेमी प्रकाश पासवान मिलने के लिए निकल गयी, जो गुजरात में नौकरी करता था, मगर रेशमा खातून कानपुर स्टेशन पर उतरी वहां से 2 लड़के रेशमा खातून को ये कहकर अपने साथ अलीगढ़ ले गये कि उसके प्रेमी प्रकाश पासवान से उसको मिलवा देंगे।

लेकिन वो दोनों लड़के रेशमा खातून को कासगंज ले गये और वहां ले जा कर उस लड़की को 1 लाख रुपए में बेच दिया जाता है,, वहां जाकर जब लड़की ने शोर मचाया चिल्लाई तो उन लोगों ने उसके प्रेमी से बात कराई और वह प्रेमी गुजरात से भाग दिल्ली आ पहुंचा दिल्ली में मशहूर यूट्यूबर पिंकी चौधरी के पास गया अमित राठोड़ शिवम् स्वतंत्र जैसे अन्य यूट्यूबर के पास जाकर प्रकाश पासवान ने लड़की को ढूंढने की गुहार लगाई, मगर यह सोशल मीडिया चमकाने वाले यूट्यूबर फोन के माध्यम से उन लोगों को कॉल करते रहे उन लोगों धमकी देते रहे,,मगर धरातल पर कोई नहीं गया, जब प्रकाश पासवान सुशील द्विवेदी से मिला तो उन्होंने ये मामला सुनीता सिह गौर को बताया, सुनिता सिंह गौर ने 24 घंटे में लड़की को खोजकर लाने का विश्वास दिलाया और लड़की की खोजबीन शुरू कर दी, इस नेक कार्य में मदद करने वाले और रेशमा खातून को खोजकर बाहर लाने वाले सुनीता सिह गौर के बड़े भाई विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सचिन वशिष्ठ जो दिल्ली से अलीगढ़ गये वहां अजयकांत नामक व्यक्ति मिले, अजयकांत ने ही रेशमा खातून की बात अपने फोन से प्रकाश पासवान से करायी थी, अजयकांत जिसकी जानकारी में ,, रेशमा खातून थी,, अलीगढ़ गये तो अजय कांत ने एटा चुंगी बुलाया,, वहां पहुंचे तो अजयकांत ने बोनेर चौराहे पर बुलाया,, जहां अजयकांत मिला और मडराक के पास एक गांव से सचिन वशिष्ठ, सुनीता सिह गौर, शुशील द्विवेदी ने रेशमा खातून को बरामद किया और अपने साथ रेशमा खातून को दिल्ली लाकर उसके प्रेमी प्रकाश पासवान से विश्व हिन्दू महासंघ ने रेशमा खातून की रजामंदी से दोनों का सनातन संस्कृति की पद्धति से विवाह सम्पन्न कराया। रेशमा खातून ने अपनी मर्जी से सनातन धर्म अपनाया, उसके बाद सुनीता सिह गौर और विश्व हिन्दू महासंघ के कोषाध्यक्ष सचिन वशिष्ठ और शुशील द्विवेदी ने रेशमा खातून को प्रकाश पासवान को नेपाल एंबेसी को सोंप दिया, नेपाल एंबेसी ने रेशमा खातून और प्रकाश पासवान को बालिग देखते हुए, उनको नौकरी करके जीवन यापन करने की सलाह दी और अपने अपने माता-पिता को मिलने के लिए भी बोला और नये जीवन को शुरू करने आशीर्वाद दे उन दोनों बच्चों को विदा किया।

# चोपन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 170 जोड़ो का हुआ विवाह



अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र - मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चोपन ब्लॉक के रेलवे मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुस्लिम जोड़ों सहित कुल 170 दूल्हा-दुल्हन पूरे रीति-रिवाज के साथ परिणय सूत्र में बंधे। सुबह से ही वर-वधू और उनके परिवार के सदस्य शादी मंडप में पहुंचने लगे थे। शासन ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 188 जोड़ों की शादी का लक्ष्य निर्धारित किया था। हालांकि, अपात्र पाए जाने के कारण कुछ जोड़ों को निराशा हाथ लगी। इस योजना के तहत प्रति जोड़े पर खर्च की जाने वाली धनराशि बढ़ाकर अब एक लाख रुपये कर दी गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने इस लक्ष्य को सभी ब्लॉक और नगरीय निकायों में आवंटित किया है। शासनादेश के अनुसार, प्रति जोड़े पर 1,00,000 रुपये खर्च करने का प्रावधान है। इसमें से 60,000 रुपये की सहायता राशि कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली और गृहस्थी स्थापित करने के लिए सीधे उसके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त, कन्या को वैवाहिक उपहार सामग्री के लिए 25,000 रुपये खर्च किए जाते हैं। शेष 15,000 रुपये प्रति जोड़े पर कार्यक्रम के आयोजन, जैसे भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत/प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। इस योजना के लिए आवेदन की कुछ निर्धारित पात्रता शर्तें हैं। कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने चाहिए। कन्या या उसके परिवार की वार्षिक आय 3.00 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवाह की तिथि पर कन्या की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष पूरी हो चुकी हो। आयु की पुष्टि के लिए विद्यालय का शैक्षिक रिकॉर्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड या आधार कार्ड मान्य होंगे। आवेदन के लिए कन्या का बैंक खाता और कन्या व वर के पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक हैं। इस योजना में निर्धन परिवार की अविवाहित कन्याओं के विवाह के साथ-साथ विधवा, परित्यक्ता या कानूनी रूप से तलाकशुदा महिलाओं का पुनर्विवाह भी शामिल है। अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

# प्रदीप सिंघल ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

## स्वास्थ्य जीवन के लिए खेल-कूद अत्यंत आवश्यक

अमन लेखनी समाचार




खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल

अमेठी तिलोई के सिंहपुर विकास क्षेत्र स्थित किरसनगंज चौराहा मजरे शेखनगांव में स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान जूनियर हाई स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अमेठी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने फीता काटकर किया।विद्यालय के छात्रों ने क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, जलेबी दौड़, गुब्बारा दौड़, रस्साकशी, लंबी कूद और ऊंची कूद सहित विभिन्न खेलों में भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रदीप सिंघल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया अपने संबोधन में श्री सिंघल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए खेलकूद भी अत्यंत आवश्यक है।विद्यालय की प्रबंधक आरती देवी और अध्यक्ष कालीचरन ने मुख्य अतिथि प्रदीप सिंघल एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परमानन्द मिश्रा, चंद्र मोहन तिवारी, अजहरूलहक बबलू, भरत मिश्रा, प्रधानाध्यापक मनमोहन द्विवेदी, रोहित कुमार, बी के सिंह, शालनी, मोहनी, रुचि, मुस्कान सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रोडबेज बस पर पथराव, फ्रंट का शीशा टूटा, बाल बाल बचे यात्री, पुलिस जाँच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र) थाना क्षेत्र के जरहा और सेवकाडॉडं के बीच मे गुरुवार की रात सोनभद्र डिपो की रोडवेज बस पर कुछ अज्ञात मनबढ़ों ने जम कर पथराव कर दिया जिसमें बस का फ्रंट शीशा सहित बगल के कार्नर का शीशा टूट गया और क्षत की प्लेट क्षतिग्रस्त हो गयी।पथराव के दौरान बस में सवार यात्री और चालक परिचालक सुरक्षित बच कर भाग गए।घटना के बाद बस लेकर चालक आशीष धर दुबे और परिचालक अमरेंद्र कुमार सिंह पुलिस स्टेशन बीजपुर पहुँचे और पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी।बताया गया कि बस सोनभद्र डिपो से चल कर प्रतिदिन की तरह बीजपुर के लिए रात लगभग 9 बजे आ रही थी इसी दौरान जरहा और सेवकाडॉड के बीच अज्ञात लोगों ने पथराव शुरू कर दिया।पत्थलो कि बरसात से घबराया बस चालक गाड़ी लेकर भागा और बीजपुर थाने पहुँच कर घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है।जनचर्चा के अनुसार पत्थल बाजों की नीयत उस समय क्या थी यह तो कुछ नही कहा जा सकता है लेकिन यह एक गम्भीर और संगीन मामला है पुलिस प्रशासन को मौकाए जाँच कर दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करनी चाहिए।इस बाबत प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हम बाहर आएं है हमको इस तरह की जानकारी नही है।अगर ऐसा कुछ है तो जाँच कर कार्रवाई की जाएगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

